वार्षिक प्रतिवदेन
Annual Report
2012-13

राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंन्द्र
National Research Centre on Pomegranate
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
(Indian Council on Agricultural Research)
सोलापुर - 413 255
Solapur - 413 255

मुद्रण : मार्च 2013

पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन

आर.के. पाल
निदेशक

संकलन एवं सम्पादन

1. ज्योत्सना शर्मा
   प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोग)

2. एन.वी.सिंह
   वैज्ञानिक (बागवानी–फल विज्ञान)

3. डी. टी. चौधरी
   (वरिष्ठ तकनीकि सहायक)

4. युवराज शिंदे
   (तकनीकि सहायक)

कार्यकारी सारांश

एन.वी.सिंह
वैज्ञानिक (बागवानी फल विज्ञान)

सही उदाहरण रा.अ.अनु.कें. वार्षिक रिपोर्ट 2012–13, राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र, सोलापुर–413255, महाराष्ट्र

वेबसाईट: www.nrcpomegranate.org

प्रकाशक

निदेशक,
राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र,
सोलापुर–413255

विषय–सूची

आमुख रा,अ,अनु,कें, एक परिचय	
कार्यकारी सारांश अनुसंधान उपलब्धियां	
1. फसल सुधार	10 - 15
1.1 प्रेरित उत्परिवर्तन 1.2 संकरण के जरिए सुधार	
2. आनुवांशिकी संसाधन	16 - 19
2.1 आनुवांशिकी संसाधन प्रबंधन 2.2 शिथिलन के विरूद्ध जनन द्रव्यों का अनुवीक्षण 2.3 पर्णजीवक	
3. फसल उत्पादन	20 - 48
3.1 पौध प्रजनन 3.2 मृदा प्रबंधन 3.3 पोषण प्रबंधन 3.4 जल प्रबंधन 3.5 जैव–इनोकुलेन्ट	
4. फसल संरक्षण	49 - 59
4.1 जीवाणु तुषार 4.2 शिथिलन 4.3 परिवेधक कीट 4.4 चूसक कीट	
5. कटाई उपरांत प्रौद्योगिकी	60 - 67
5.1 परिपक्वता सूचियां 5.2 प्रसंस्कृत उत्पाद	
6. बाह्य वित्त–पोषित परियोजनाएं	68 - 70
7. प्रौद्योगिकी की अंतरण	71 - 74
8. संस्थागत कार्यकलाप	75 - 79
9. मानव संसाधन विकास	80 - 81
10. प्रकाशन	82 - 84
11. विशिष्ट अतिथि	85 - 86
12. भर्ती/पदोन्नति/सम्मान	87
13. बजट आकलन	88
14. स्टाफ स्थिति	89
परिशिष्ट	
1. संस्थान प्रबंधन समिति के सदस्य 2. अनुसंधान परामर्श समिति के सदस्य 3. संस्थान अनुसंधान परिषद के सदस्य 4. संस्थान संयुक्त स्टाफ परिषद के सदस्य 5. कार्मिक	

आमुख

राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र की स्थापना भारतीय कृषी अनुसंधान परिषद द्वारा 2005 सोलापुर, महाराष्ट्र में मूलभूत, कार्यनीतिक और अनुप्रयुक्त अनुसंधान के माध्यम से अनार के उत्पादन, उत्पादकता और उपयोग का संवर्धन करने के उद्देश्य से की गई थी। एक अंतःकालीन व्यवस्था के रूप में, यह केंद्र अस्थायी तौर से रबी ज्वार केंद्र, शेलगी, सोलापुर के परिसर में आरंभ किया गया। चूंकि अब राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र के नए कार्यालय–सह–प्रयोगशाला भवन का नर्माण हो गया है, यह केंद्र जून,– जुलाई, 2012 से केगांव, सोलापुर स्थित अपने नए भवन में कार्य कर रहा है। उत्तक संवर्धन के माध्यम से उत्पादित पौध सामग्री के व्यापक संवर्धन तथा जीवाणु चित्ती–प्रतिरोध के लिए जननद्रव्य के अन्वेषण के लिए उच्च–प्रौद्योगिकीयुक्त नानाविध पादपशालाएं विकसित की गई हैं। वैश्विक ऊर्जा संकरको ध्यान में रखते हुए, ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा (सौर मार्ग प्रकाश को संचालित करने के लिए) का प्रयोग किया जा रहा है। सिंचाई के प्रयोजन के लिए खोदे गए कूपों, बोर वेलों के अलावा जल संचयन संरचनाओं तथा स्वचालित फर्टिगेशन प्रणालियां विकसित की गई हैं।

केंद्र अनार विकास के क्षेत्र में कुछ प्रमुख चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध है जैसे स्वस्थ और रोगमुक्त पौध–सामग्री की उपलब्धता, जैविक और–अजैविक तनावों के लिए प्रतिरोधक/सहिष्णु किस्मों का विकास आदि। क्षेत्र जीन बैंक के रूप में केंद्र के पास 345 जनन–द्रव्यों (घरेलू और विदेशी, दोनों) का संग्रहण है। जीवाणु चित्ती भारत में अनार के उत्पादन और उत्पादकता के लिए एक प्रमुख जैविक चुनौती है। अनार में जीवाणुकारित चित्ती को समाप्त करने के लिए समय पर की गई कार्रवाई, सामुदायिक दृष्टिकोण तथा वैज्ञानिक जागरूकता सर्वाधिक विनिर्दिष्ट उपचार हैं। तात्कालिक न्यूनीकरण उपायों के रूप में राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र द्वारा विकसित एकीकृत रोग और कीट, प्रबंधन सूची (आईडीआईपीएम) की अनुशंसा की गई है। आईडीआईपीएम अनुसूची के अंगीकरण ने महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश राज्यों में जीवाणुकारित चित्ती का सफल प्रबंधन दर्शाया है। नौ अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना के साथ केंद्र ने अनार की फसल के सुधार, फसल संरक्षण ,पैदावारोन्तर प्रोद्योगिकी तथा मूल्यवर्धन के क्षेत्र में नई अनुसंधान तकनीकें उपलब्ध कराई हैं।

शुष्क भूमि में बागवानी के संबंध में पोषण और जल–उपयोग दक्षताओं में वृद्धि करने के लिए प्रौद्योगिकियां विकसित की जा रही है। राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र ने स्वस्थ्य और रोगमुक्त पौध–सामग्री के व्यापक उत्पादन के लिए उत्तक वर्धन नवाचार का सफलतापूर्वक विकास किया है। उत्तक वर्धन पादपों के जैविक–दृढ़ीकरण नवाचार को मानकीकृत किया गया है। स्वच्छता नवाचार के मानकीकरण के साथ कठोर काष्ठ कर्तनों के माध्यम से रोगमुक्त पौध सामग्री के उत्पादन ने भविष्य के लिए अत्यधिक संभावनाएं प्रदर्शित की हैं। संस्थान की वेबसाईट को पूरी तरह से नवीन बनाया गया है तथा अब यह विश्व के लिए प्रौद्योगिकी का वातायन तथा साथ ही समस्त पणधारकों के लिए अनार के अनुसंधान के संबंध में पारस्पर संपर्क और जानकारी के प्रचार हेतु एक प्राभवशाली उपकरण बन गई है। प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान, राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र का एक महत्वपूर्ण योगदान, बड़ी संख्या में किसानों के साथ संपर्क स्थापित करना, तथा अनार उत्पादकों के मध्य आत्मविश्वास का निर्माण करना, उन्हें परामर्श सेवाएं प्रदान करना तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना था।

मैं डॉ0 एस.अयप्पन,सचिव,डेयर एवं महानिदेशक,भा.कृ.अ.प. का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझे मेरी संपूर्ण क्षमता के अनुसार इस संस्थान की सेवा करने का अवसर प्रदान किया। मैं डॉ0एन.के.कृष्ण कुमार,उपमहानिदेशक, (बागवानी) का भी उनके अनवरत सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करता हूं। मैं डॉ0सी.डी. मायी, पूर्व अध्यक्ष कृषी वैज्ञानिक चयन मण्डल और राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र की अनुसंधान परामर्श समिति के अध्यक्ष तथा संस्थान प्रबंधन समिति सदस्य का भी इस संस्थान के समग्र विकास के लिए अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन और सुझाव प्रदान करने में गहरी रूचि दर्शाने के लिए धन्यवाद देता हूँ। मैं सभी वैज्ञानिको, तकनीकी, प्रशासनिक और सहायक कार्मिकों का उनके अपार सहयोग और सहायता के लिए आभारी हूँ।

मार्च 2013
सोलापुर

राम कृष्ण पाल
निदेशक

राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्रः एक परिचय

भारत समूचे विश्व में अनार के क्षेत्रफल और उत्पादन में अग्रणी देशों में से एक है। भारत में अनार की पैदावार के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में पिछले सात वर्षों के दौरान 10.73 प्रतिशत की वृद्धि हुई है तथा यह 96.9 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 107.3 हजार हेक्टेयर तक हो गया है। महाराष्ट्र में पिछले 20 वर्षों के दौरान अनार के क्षेत्र में अत्यंत तेजी से वृद्धि हुई है तथा यह 4.6 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 82.0 हजार हेक्टेयर हो गया है तथा यह देश में अनार पैदावार के अंतर्गत माने वाले कुल क्षेत्र का 76.40 प्रतिशत भाग है।

अनार की पैदावार करने वाले अन्य प्रमुख राज्य हैं कर्नाटक (13.6 हजार हे.), आंध्र प्रदेश (2.8 हजार हे.) और गुजरात (5.8 हजार हे.)। हाल के वर्षों में अनार की पैदावार राजस्थान, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में भी आरंभ हो गया है। हालांकि भारत विश्व में अनार का एक बड़ा उत्पादक है,परन्तु इसकी उत्पादकता (6.9 टन/हे.) तुर्की (27.25 टन/हे.), स्पेन (20.00 टन/हे.), अमरीका (16.7 टन/हे.), इज्राइल (12.5 टन/हे.) तथा ईरान (10.8 मीट./हे.) के तुलना में काफी कम है। वर्ष 2011–12 के दौरान, भारत ने वैश्विक बाजार में 30,000 मी.ट. अनार का निर्यात किया जबकि इसकी तुलना में तुर्की ने 86,00 मी. ट. और ईरान ने 60,000 मी.ट. का निर्यात किया। अतः भारत में इस भारी पैदावार और निर्यात अंतर को कम करने की भारी क्षमता विद्यमान है।

राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र की स्थापना भा.कृ.अ.प. द्वारा 2005 सोलापुर, महाराष्ट्र में मूलभूत, कार्यनीतिक और अनुप्रयुक्त अनुसंधान के माध्यम से अनार के उत्पादन, उत्पादकता और उपयोग का संवर्धन करने के उद्देश्य से की गई थी। एक अंतःकालीन व्यवस्था के रूप में, यह केंद्र अस्थायी तौर से रबी ज्वार केंद्र, शेलगी, सोलापुर में आरंभ किया गया। परंतु राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र का कार्यालय –सह–प्रयोगशाला भवन अब तैयार हो गया है तथा यह केंद्र जून–जुलाई, 2012 से अपने केगांव, सोलापुर स्थित नए भवन में कार्य कर रहा है। इस केंद्र ने केगांव और हिरज गांवों में अपने 46.26 हे. क्षेत्र में फैले प्रयोग फार्मों को विकसित किया है जिसमें से 7 हे. क्षेत्र को पहले ही अनार फलोद्यन के अंतर्गत शामिल कर लिया गया है।

उत्तक वर्धन तथा जीवाणु चित्ती प्रतिरोध के लिए जनन–द्रव्य के अन्वेषण हेतु, उच्च प्रौद्योगिकी से सज्जित पॉलीहाउस निर्मित किए गए हैं। प्रयोग फार्मों में अत्याधुनिक स्वचालित फर्टिगेशन सुविधाएं तथा जल संचयन संरचनाएं विद्यमान हैं। केंद्र के पास इसके क्षेत्रीय जीन बैंक में अनार जनन–द्रव्य का एक उत्कृष्ट संग्रहण है जिसमें जंगली अनार, सम्मिश्रित प्रजातियां, पूर्वोत्तर राज्यों, पश्चिम हिमालय से स्वदेशी संग्रहण तथा कैलिफोर्निया, अफगानिस्तान और ईरान से 92 विदेशी संग्रहण शामिल हैं। राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र में अनार के अनुसंधान के मुख्य रूप से बल प्रदान किए गए क्षेत्र हैं–पैदावार में सुधार, फसल उत्पादन और उपज उपरांत प्रौद्योगिकी।

केंद्र के अधिदेश निम्नानुसार हैं:

- उच्च पैदावार क्षमता तथा गुणवत्ता वाले फलों के साथ उपयुक्त किस्में विकसित करना जिनमें जैविक और अजैविक तनावों की प्रतिरोधक क्षमता हो।
- गुणवत्तापूर्ण फल उत्पादन तथा उपज उपरांत मूल्यवर्धन के लिए सतत प्रौद्योगिकियाँ विकसित करने के लिए मूलभूत, कार्यनीतिक और अनुप्रयुक्त अनुसंधान संचालित करना।
- अनार उत्पादकों तथा अन्य पणधारकों तक प्रोद्योगिकी का अंतरण करना।

एनआरसीपी ने जीवाणु चित्ती और मर रोग पैदा करने वाले रोगजनकों की पहचान करने तथा एकीकृत रोग और कीट प्रबंधन सूची (आईडीआईपीएम) का प्रयोग करते हुए उनके न्यूनीकरण की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। पहली बार, 85 प्रतिशत सफलता दर के साथ कठोर काष्ठ कलमों के माध्यम से निम्न लागत वाले रोग मुक्त पौध–सामग्री के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी को मानकीकृत किया गया है। इसी प्रकार, उत्तक वर्धन पादपों के माध्यम से फलोघेनों की स्थापना के लिए प्रक्रिया–पैकेज के विकास पर भी कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र, अखिल भारतीय अनार उत्पादक संघ तथा महाराष्ट्र अनार

उत्पादक संघ से भी निकट संबंध स्थापित किए हुए है। बड़ी संख्या में किसान, अनार पैदावार के विभिन्न पहलुओं पर प्रौद्योगिकीय मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से केंद्र का दौरा करते हैं।

केंद्र ने राज्य बागवानी विभाग, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केन्द्र तथा अनार पैदावार में सहयोजित अन्य पणधारकों के साथ भी निकट सहयोग स्थापित किया है। संस्थान ने अपनी वेबसाइट कोपुनः तैयार किया है तथा अब इसमें फोटोगैलरी, वीडियो गैलरी, कृषक कार्नर और निःशुल्क डाउनलोडयोग्य प्रकाशनों के साथ–साथ अनार के अनुसंधान और विस्तार पर समस्त प्रासंगिक जानकारियाँ अंतर्निहित हैं। छह माह की अल्प अवधि–के दौरान, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस वेबसाइट पर 9800 से अधिक हिट्स दर्ज किए गए हैं।


राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केन्द्र
अनुसंधान परामर्श समिति
निदेशक
संस्थान प्रबंधन समिति
अनुसंधान
सहायक सेवाएं
प्रशासन
फसल सुधार
फसल उत्पादन
फसल संरक्षण
कटाई उपरांत प्रबंधन
जैव प्रौद्योगिकी
प्रौद्योगिकी अंतरण
तकनीकी पीएमईसैल
फार्मत प्रबंधन
कृषिज्ञान प्रबन्धन यूनिट
पुस्तकालय
बौध्दिक संपदा अधिकार इकाई
प्रकाशन
स्थापना
लेखापरीक्षा व लेखा
भंडार क्रय
संपदा प्रबंधन

संगठन ढ़ांचा

कार्यकारी सारांश

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र की सहायता से 'गणेश' किस्म में बीजों के गामा विकिरण के उपरान्त, प्रयोगात्मक प्रक्षेत्र परिस्थितियों में फल गुणवत्ता मापदण्डों के आधार पर छः उत्तम प्रदर्शन करने वाले उत्परीवर्ती प्राप्त हुए (पौध संख्या 320,348,375,388,391,528)

उत्पादन (कि.ग्रा./पेड) की दृष्टि से व्यवसायिक किस्म 'जी – 137' (12.53 कि.ग्रा.) तथा 'जेलोर सीडलेस' (11.20 कि.ग्रा.) का प्रदर्शन 'भगवा' (10.20 कि.ग्रा.) की तुलना में ज्यादा बेहतर पाया गया। फल क्वालिटी , कुल घुलनषील ठोस/अम्ल अनुपात 'जेलोर सीडलेस' (36.11) 'रूबी' (34.56), 'अरक्ता' (34.44) एवं 'मृदुला' (33.92) में 'भगवा' (31.90) की तुलना में ज्यादा पाया गया। फलों के भौतिक–रासायनिक मापदण्डों के आधार पर रा.अ.अनु. के संकरों का मूल्यांकन करने पर संकर 6 एवं 14, 'भगवा' की तुलना में ताजे सेवन हेतु ज्यादा बेहतर पाये गए।

रा.अ.अनु. के संकर 6 में सबसे ज्यादा कुल घुलनशील ठोस/अम्ल अनुपात (39.88) तथा इसके बाद 'संकर 14' में (39.53) पाया गया। छः संकरों में अम्लता 3.0 प्रतिशत से ज्यादा पायी गई। इन संकरों का इस्तेमाल (रा.अ.अनु.के.संकर) अनारदाना के लिए किया जा सकता है।

जिन 12 जननद्रव्यों को कैलिफोर्निया, संयुक्त राज्य अमेरिका से लाया गया था उनको रा.पा.अ.स.ब्युरो, भोवाली से रा.अ.अनु.के.,सोलापुर में इस वर्श स्थानांतरित किया गया है। इसके फलस्वरूप प्रक्षेत्र जीन कोष में अनार जननद्रव्यों की कुल संख्या बढकर 282 हो गयी हैं। इजरायल तथा संयुक्त राज्य अमेरिका कि मुख्य किस्म 'वंडरफुल' के कर्तनों को पौधषाला में व्यवस्थित तरिके से रखा गया है।

'भगवा' के प्रक्षेत्र परिवर्त के अलावा किसान प्रक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले एक परिवर्त को पटकुल, जिला, सोलापुर से एकत्रित किया गया है। इस प्ररिवर्त का मुल्यांकन रोग आपतन तथा तीव्रता के लिए किया जाएगा।

आठ उपयोगी जननद्रव्यों को दृढ़ काषठ कर्तन द्वारा प्रतर्धित किया गया तथा इनमें से आई सी 1194, आई सी 1204 एवं आई सी 1205 का प्रदर्षन कर्तन सफलता की दृष्टि से (85.00, 83.33, एवं 81.67% क्रमशः) बालू, नरियल के छिलके तथा केंचुए की खाद के मिश्रण पर संतोशजनक पाया गया। बीस से.मी. नम्बे 'भगवा' के कर्तनों ने बालू, नारियल के छिलके तथा केंचुए की खाद के मिश्रण पर 82.5: कर्तन सफलता अर्जित की जो यह इंगित करता है कि, कर्तन सफलता 20 तथा 15 से.मी.लम्बे कर्तनो के बीच गैर सार्थक रूप से भिन्न है।

'भगवा' शाखवृन्त को जंगली अनार जननद्रव्यों के मूलवृन्त पर कलम करने पर 80–100% के बीच कलम सफलता दर्ज़ कि गई तथा भगवा शाखवृन्त की वृध्दि जंगली अनार जननद्रव्यों के ऊपर 'भगवा' मूलवृन्त की तुलना में सार्थक रूप से अधिक पायी गई। पैच के आकार की 'भगवा' कली का चश्मा अनार के जंगली जननद्रव्यों पर लगाने से 90% सफलता जनवरी, 2013 में सोलापुर की परीस्थितियों में दर्ज़ की गई।

एम एस स्थापन माध्ययम + बीएपी + एनएए + एडनीन सल्फेट + आर्जिनीन पर कार्तोतक के रूप में पूर्व उपचारित नोडल सीगमेंट्स (कार्बेन्डाझीम(0.1%)+ {मेटालेग्झील(4%) मेन्कोजेब (64%)(0.1%)} +स्ट्रेप्टोसाइक्लीन (0.05%), 30 मिनट के लिए) के इस्तेमाल से 80% कल्चर स्थापन पाया गया। सबसे अधिक औसत शूट लम्बाई (3.56 से.मी.) तथा साइड शूट्स की संख्या (6.03) सायटोकायनीन तथा थयमीन संपन्न माध्ययम पर पाया गया।

ऑक्सिन सम्पन्न तथा पोशक तत्व अल्पतर माध्ययम पर सबसे पहले जड़ (8.99 दिन) तथा सबसे अधिक संख्या में जड़ प्रति शूट (5.33) प्राप्त हुए। सूक्ष्म प्रवर्धित पौधों का जैव कठोरीकरण प्रगति पर है।

अनार में 'भगवा' किस्म काली किट्टी पर (90 से.मी.गहराई तक) अच्छा विकास करता पाया गया, जबकि 'गणेश' किस्म हल्की तथा काली दोनों प्रकार की मृदाओं पर अच्छे तरीके से वृद्धि करता पया गया है, परन्तु दुर्व्यवस्थित जल निकास के स्थिति में 'गणेश' की तुलना में 'भगवा' ज्यादा अच्छा प्रदर्शन करते हुए पाया गया।

अनार में वानस्पतिक वृद्धि तथा फल उत्पादन भारी (30–60से.मी) तथा दोमट मिट्टी पर ज्यादा बेहतर पाया गया। भारी मिट्टी की गहराई बढ़ने पर वानस्पतिक वृद्धि तथा फल उत्पादन में भारी गिरावट पायी गई। पौधों के दोनों तरफ दो लेटरल पर छः ड्रीपरों (2.0ली/घण्टा) की सहायता से सिंचाई का पानी देना पौध वृद्धि की दृष्टि से सबसे उचित पाया गया। दो ड्रीपरों की सहायता से सिंचाई करना पोशक तत्व निश्कर्शण, पौध वृद्धि तथा मृदा प्रोफाइल में नमी मौसमानुसार जल आवष्यकता दो वर्श पौधों के लिए 3176ली/वर्ष/पेडों पायी गई।

सामान्यतः सूक्ष्म पोषक तत्वों की मात्रा फलों में, फल वृद्धि से साथ–साथ तनुकरण प्रभाव (डयलूशन प्रभाव) के कारण घटती जाती है, क्योंकि फलों का विकास पोषक तत्व संचयन दर की तुलना में काफी तेज़ होता है।

फल विकास के शुरूआती दौर में पोषक तत्वों की अधिक माँग रहती है। पोटाष का संचयन फलों में सबसे ज्यादा होता है तथा उसके बाद नत्रजन और फास्फेट का होता है। फल विकास के शुरूआती दौर में ज्यादातर गुरू एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की अधिक मात्रा यह इंगित करती है कि, फलस्थापन तथा वृद्धि से पहले पौधों को उचित मात्रा में गुरू तथा सूक्ष्म पोषक तत्व देना चाहिए।

जैन्थोमोनास एक्जेनोपोडिस पी.वी.प्यूनकी के लक्षण प्रारूपी अध्ययन से यह पता चला कि, इसके विभिन्न आइसोलेट्स में ब्लाइट आपतन एवं तीव्रता के लिए भिन्नता है जबकि, कल्चरल लक्षणों के लिए कोई भिन्नता नहीं है। जैन्थोमोनास एक्जेनोपोडिस पी.वी. प्यूनकी के विभिन्न जगहों तथा समयों पर एकत्रित किये गए आइसोलेट्स के तुलनात्मक जीनोमिक्स से यह ज्ञात हुआ की जिस नस्ल से बैक्टीरीयल ब्लाइट रोग अनार में फैलता है वह एकमात्र उग्र वंशावली की वजह से हो सकता है।

अध्ययन से यह निश्कर्श निकलता है कि, बैक्टीरीयल ब्लाइट प्रभावित पेडों पर तना कोढ़ का बढ़ना फ्यूजेरियम आक्सीस्पोरम के माध्यमिक संक्रमण से होता है, जो जैन्थोमोनास एक्जेनोपोडिस पी.वी. प्यूनकी के प्राथमिक संक्रमण के बाद पनपता है। बरसात तथा छिड़काव की बूँदों का जीवाणु के प्रसार में सकारात्मक भूमिका पायी गई है। सहसम्बधन अध्ययन से यह पता चला कि, नत्रजन तथा मैग्रीज की पत्तों में अधिक मात्रा बैक्टीरीयल ब्लाइट तीव्रता को कम करती है।

9 भिन्न क्रासेस से प्राप्त पहली पिढ़ी के संकरों का बैक्टीरीयल ब्लाइट के लिए व्यापक स्क्रिनिंग कृत्रिम निवेशन द्वारा किया गया। इस अध्ययन में ज्यादातर संकर ब्लइट के प्रति अतिसंवेदनशील पाये गए है जिनमें 10% से ज्यादा ब्लाइट तीव्रता पायी गई। केवल पाँच संकर ऐसे थे जिनमें कुछ हदतक ब्लाइट सहनशीलता पायी गई तथा इन संकरों पर ब्लाइट तीव्रता 5% से कम थी।

अनार में मर रोग की राकथाम के लिए 46 मूल परिवेषी (12 जीवाणु 24 कवक तथा 10 एक्टिनोमाइसीटिज) आइसोलेट्स को सीरेटोसीस्टीस फिम्ब्रीयाटा के खिलाफ इस्तेमाल किया गया। समयान्तराल अवलोकन से यह ज्ञात हुआ कि, मर रोग के लक्षण एक मास के बाद दिखने लगते हैं। 0.6 मी.चौड़ी, 0.3 मी. गहरी तथा 0.3 मी. ऊँची क्यारी वाले संप्रयोगों में सी. फिम्ब्रीयाटा सबसे कम पाया गया परन्तु सी. फिम्ब्रीयाटा की कालरा अवस्था (सी. एडीपोजा) तथा फ्यूजेरियम आक्सीस्पोरम इन संप्रयोगों से लिए गए नमूनों में सबसे ज्यादा पाया गये गए। इन संप्रयोगों में सबसे अधिक फ्यूजेरियम तथा उसके बाद सूत्रकृमि पाये गए। सी. एडीपोजा की रोगजनकता का विस्तृत अध्ययन जरूरी है।

उत्तर सोलापूर, दक्षिण सोलापूर, पंढरपूर और सांगोला तहशीलों में फल भेदक का आपतन नगण्य पाया गया, जबकि मोहोल में आपतन 10% से कम था। भेदक पीड़कों में से फलभेदक (ड्यूडोरिक्स आइसोक्रेट्स) तापमान से सकारात्मक

सहसम्बधन तथा सापेक्षिक आद्रता एवं बारिष से नकारात्मक सहसम्बधन दर्शाता पाया गया। थ्रीप्स संख्या 'गणेश' तथा 'भगवा' किस्मों पर तापमान, सापेक्षिक आद्रता तथा बारिष से नकारात्मक सहसम्बधन दर्शाता पाया गया।

थायमिथोग्जाम 5 ग्राम/पौध की दर से इस्तेमाल करने पर सबसे प्रभावषाली (1.88 प्रति पौध) तथा फिप्रोनिल 5 ग्राम/पौध थ्रीप्स रोकने में सबसे कम प्रभावशाली (3.52/पौध) पाया गया। इस अध्ययन से यह भी जात हुआ कि, थायमिथोग्जाम की अधिक मात्रा (5 ग्राम/पौध से त्यादा) थ्रीप्स को रोकने प्रभावशाली नहीं पायी गई।

फल चूषी षलभ (फ्रूट सकिंग मॉथ) पर पाली प्रापायलीन के बीना बुने हुए बैग के प्रभाव का अध्ययन करने पर यह पाया गया की जिन संप्रयोगों में फलों को बैग से ढ़का गया था, वहाँ नुकसान 17.5% पर ही रूक गया, जबकि कंट्रोल में यह नुकसान पंद्रह दिनों के बाद 23.5% तक पहुँच गया था। पक्कातांक अध्ययन से यह ज्ञात हुआ कि, किस्म 'गणेश', 'रूबी' एवं 'भगवा' में फल परिपक्व पुष्पन के150,175 और 180 दिनो के बाद, क्रमशः होता है।

आर.टी.एस.पेय पदार्थ के प्रोटोकाल का मानकीकरण रा.अ.अनु.के द्वारा किया गया है।

अनार के रस से फरमेंटर का इस्तेमाल करके वाइन बनाया गया तथा उसका संवेदी मूल्यांकन किया गया, यद्यपि वाइन के निर्मलीकरण के लिए शोध जारी है।

अनुसंधान उपलब्धियां

1. फसल सुधार

1.1 अनुमानित उत्प्रेरणा के माध्यम से सुधार

1.1.1 अनार किस्म भगवा में गामा विकिरण

उत्परिवर्तियों का मूल्यांकन

विविधता सृजित करने के उद्देश्य से,भगवा और गणेश किस्म के बीजों को वर्ष 2007 के दौरान 3–30 कि.रेड गामा किरणन में रखा गया था तथा जुलाई तक इसके पादपों को बड़े आकार के गमलों में बड़ा किया गया, इसके पश्चात् मूल्यांकन के लिए 2010 के दौरान खेतों में लगायादिया गया था। भगवा उत्परिवर्तियों के फलों को 4 वर्ष की आयु के वृक्षों से तोड़ा गया था तथा उनकी आकृति–रासायनिक विशेषताओं के लिए उनका मूल्यांकन किया गया था। 30 कि रेड उपचार में फल भार (सीवी 30.72 प्रतिशत), फल की लंबाई सीवी (11.68 प्रतिशत) और पुटक लंबाई (सीवी 41.52 प्रतिशत) के संबंध में जनसंख्या में अधिकतम अंतर पाया गया। तथापि, 6 कि.रेड के साथ माध्य फल भार अधिकतम (216.57 ग्रा.) था। 27 कि.रेड जनसंख्या में कुल फलनशील ठोस, बीजचोल प्रतिशत और छिलका प्रतिशत अधिकतम था। गामा किरणन उपचार के बावजूद फल भार, 100 बीजचोल भार, पुटक लंबाई, छिलके की मोटाई,प्रतिशत छिलका प्रतिप्राप्ति ने उच्च अंतर दर्शाए। फल के भार, बोजचोल और छिलके के रंग कुल फलनशील ठोस, तथा 100 बीजचोल भार पर आधारित प्रारंभिक अन्वेषण पर जनसंख्या से आगामी मूल्यांकन के लिए कुछ विशिष्ट प्रकारों की पहचान की गई। चुनिंदा प्रकारों में से, नं. 4 और 102 में बड़े फल थे (>350 ग्रा. प्रत्येक), नं. 717, 816, 443 और 636 में मोटे बीजचोल थे (>42 ग्रा./100 बीजचोल), नं. 123, 821, 480 में गहरे लाल रंग के बीज चोल थे तथा नं. 448, 437 और 394 में लाल रंग वाले मोटे छिलके थे। तथापि, कुछ उत्परिवर्ती फसल सुधार कार्यक्रम में उपयोग हो सकते हैं। फल भार, फल के छिलके, बीजचोल के रंग तथा 100 बीजचोलों के भार में अधिक विविधता देखी गई। आगामी अध्ययन किए जा रहे हैं।

गणेश की गामा किरणित जनसंख्या के तीन लगातार वर्षों के आंकड़ों के आधार पर फल के रंग, भार, बीजचोल के रंग और 100 बीजचोल भार एंव कुल घुलनशील ठोस, पर विचार करते हुए चयन किए गए। साठ वांछनीय प्रकारों की पहचान की गई जिनमें से छह आशाजनक हैं। ये आशाजनक उत्परिवर्ती आगामी परीक्षण और अंतिम चयन के लिए और भी बढ़ाए जाएंगे।

अनार किस्म. गणेश के आशाजनक उत्परिवर्ती

क्रम सं.	गणेश के आशाजनक उत्परिवर्ती (सं.)	वांछनीय विशेषताएं
1	320	लालिमा युक्त छिलका, मोटे बीजचोलों के साथ मध्यम आकार का फल
2	348	लाल बीजचोल, मोटे और लाल बीजचोलों के साथ मध्यम आकार का फल
3	375	पीलापन लिए लाल छिलका, मोटे बीजचोलों के साथ मध्यम आकार का फल
4	388	पीला छिलका, उच्च टीटीएस और मोटे बीजचोलों के साथ बड़े आकार का फल
5	391	पीला छिलका, मध्यम आकार का फल तथा मध्यम आकार का मोटा बीजचोल
6	528	लाल छिलका, मध्यम आकार का फल तथा मध्यम आकार का मोटा बीजचोल

1.2 संकरीकरण द्वारा सुधार

1.2.1 अनार की वाणिज्य किस्मों का मूल्याकंन

हिरज फार्म के संकर ब्लॉक में अनार की सात वाणिज्यिक प्रजातियों का रोपण के चौथे वर्ष के दौरान क्षेत्रीय परिस्थितियों के अंतर्गत उनकी वानस्पतिक वृद्धि, गुणात्मक और परिमाणात्मक विशेषताओं का मूल्यांकन किया गया । ये किस्में अधिकांश विशेषताओं के संदर्भ में एक–दूसरे से उल्लेखनीय रूप से भिन्न थी। पादप ऊंचाई 'मृदुला' (256.19 सेंमी) में सर्वाधिक थी जबकि यह भगवा (191.20 सेंमी) में सबसे कम थी।

रा.अ.अनु.के., हिरज में संकर ब्लाक का एक दृश्य

वणिज्यिक प्रजातियां फल पैदावार के संबंध में भी एक–दूसरे से काफी भिन्न थीं। फल की पैदावार की सीमा 9.62 से 19.90 किग्रा./वृक्ष थी। जी–137 ने उच्चतम पैदावार/वृक्ष (12.90 किग्रा.) दर्ज की, जो गणेश (12.53 किग्रा.) के समतुल्य थी।

भगवा में 100 बीजचोल भार अधिकतम (35.12 ग्राम) था जिसके बाद रूबी में (31.96 ग्राम) था। कुल फलनशील ठोस, 15.50 से 16.25° बी के बीच में था। कुल घुलनशील ठोस,अम्ल अनुपात अधिकतम जालोरः सीडलेस में अधिकतम (36.11) पाया गया जो 'गणेश' (35.77) के समतुल्य था।

जी–137 (12.90 किग्रा.), गणेश (12.53 किग्रा.), जालोर सीडलेस (11.20 किग्रा.) फल की पैदावार किग्रा./वृक्ष के संबंध में भगवा (10.20 किग्रा.) से श्रेष्ठ पाए गए। कुल घुलनशील ठोस, /अम्ल अनुपात पर आधारित फल की गुणवत्ता के लिए जालोर सीडलेस (36.11), गणेश (35.77), अरक्ता (34.44) और मृदुला (33.90), भगवा (31.90) की तुलना में श्रेष्ठ पाए गए।

भगवा

रूबी

अनार की वाणिज्यिक किस्में



आरक्ता

मृदुला

अनार की वाणिज्यिक किस्में

1.2.2जीवाणु चित्ती सहिष्णु प्रजातियों का मूल्यांकन

अनार की चार जीवाणु चित्ती सहिष्णु किस्मों का मूल्यांकन रोपण के चौथे वर्ष के दौरान उनकी वानस्पतिक विकास विशेषताओं, परिमाणात्मक और गुणवत्तात्मक गुणों के लिए उल्लेखनीय रूप से एक–दूसरे से भिन्न थीं। पादप की ऊंचाई दारू (174.17) में अधिकतम थी, जबकि यह नाना (40.4 सेंमी) में न्यूनतम थी।फसल पैदावार के संबंध में जीवाणु चित्ती सहिष्णु प्रजातियां उल्लेखनीय रूप से भिन्न थीं। फल पैदावार 1.60 से 6.69 किग्रा/वृक्ष के बीच थी। पैदावार/वृक्ष, नयाना (66.69 किग्रा) में सबसे अधिक पाया गया, जो कल्पितिया (6.33 किग्रा.) के समतुल्य था। अनुमापन अम्लता 0.45 से 4.72 प्रतिशत के बीच थी। अनुमापन अम्लता नाना (4.72 प्रतिशत) में सर्वाधिक पाई गई। इसी प्रकार, कुल फलनशील ठोस, /अम्ल अनुपात नयाना (36.26) में सर्वाधिक पाया गया।

1.2.3 अन्य अनार किस्मों का मूल्यांकन

अनार की ग्यारह किस्मों को रोपण के चौथे वर्ष के दौरान भगवा के साथ तुलना करने के लिए उनकी वानस्पतिक विकास विशेषताओं तथा भौतिक–रासायनिक मापदण्डों के लिए मुल्यांकित किया गया था। ये प्रजातियां वानस्पतिक तथा अन्य भौतिक–रासायनिक मापदण्डों के संबंध में एक–दूसरे से उल्लेखनीय रूप से भिन्न थीं।

ये प्रजातियां पादप की ऊंचाई के संबंध में भी उल्लेखनीय रूप से भिन्न थीं जो 111.00 से 326.00 के बीच थी। पादप की ऊंचाई मुस्काट में सबसे अधिक (326.0) थी जबकि यह अमलीदाना में सबसे कम (111.00) थी।

फल उपज 4.61 से 11.80 कि.ग्रा./वृक्ष रहा और किस्मों में फल उपज सार्थक रूप से भिन्न पाया गया। उपज/वृक्ष के आर एस में अधिकतम (11.80 कि.ग्रा.) थी।

केरल लोकल ने उच्चतम कुल घुलनशील ठोस, /अम्ल अनुपात (31.91) दर्ज किया। यह कसूरी (31.87), भगवा (31.76), ज्योति (31.66), मस्कट (31.56) और केएसआर (31.45) के समतुल्य था

1.2.4 अनार के रूबी संकरों का मूल्याकंन

रूबी को मूल परागण के रूप में प्रयोग करते हुए भा.बा.अनु.सं., बंगलुरू में विकसित किए गए चार अनार संकरों की तुलना वानस्पतिक वृद्धि, भौतिक–रासायनिक मापदण्डों के लिए राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र, सोलापुर में रोपित चार वर्ष के भगवा से मूल्यांकन के लिए किया गया।

पौधों की ऊंचाई में संकरण में काफी विभिन्नता थी जो 19.20 से 318.90 सें.मी. के बीच थी। कल्पितिया× रूबी में पौधों की ऊंचाई अधिकतम 318.90 सें.मी. थी जबकि भगवा में यह निम्नतम 191.20 सें.मी. थी ।

ये संकर फल पैदावार में भी उल्लेखनीय रूप से भिन्न थे तथा पैदावार/वृक्ष 7.32 से 14.28 किग्रा. के बीच पायी गई । पैदावार/वृक्ष सबसे अधिक नयाना×रूबी में (14.28 किग्रा.) थी जिसके बाद {(जी×एन)×(जी×डी)}×आर (12.12 किग्रा.), के×आर 10.35 किग्रा. स्थान था। नयाना×रूबी, {(जी×एन)×(जी×डी)}×आर की फल पैदावार भगवा के समतुल्य थी।

कुल घुलनशील ठोस, /अम्ल अनुपात 31.90 से 40.70 के बीच था जो {(जी×एन)×(जी×डी)}×आर में सर्वाधिक (40. 70° बी) था। सभी चार रूबी संकरों का कुल फलनशील ठोस, /अम्ल अनुपात भगवा (31.90) की तुलना में श्रेष्ठ था।

1.2.5 अन्य अनार संकरों का मूल्यांकन

रोपण के चौथे वर्ष के दौरान आठ अनार संकरों का भगवा की तुलना में उनके विभिन्न भौतिक रासायनिक मापदण्डों के लिए मूल्यांकन किया गया । पादप ऊंचाई {(जी×एन)×डी}×(जी×एन)×बी में सर्वाधिक (267.60) थी जबकि यह निम्नतम स्वीट 7/10 (170.67) में थी।

ये संकर फल पैदावार के संबंध में उल्लेखनीय रूप से भिन्न थे। पैदावार/वृक्ष {[(जी×एन)×डी]×(जी×एन)} में सर्वाधिक (13.10) किग्रा. थी। बी×{(जी×एन)×डी} भगवा के समकक्ष (10.20 किग्रा.) पाया गया।

ये संकर कुल फलनशील ठोस, अंश के लिए भी उल्लेखनीय रूप से भिन्न थे, जो 14.22 से 16.46° बी के भीतर थे। कुल घुलनशील ठोस, /अम्ल अनुपात स्वीट 7/10 में सर्वाधिक (37.02) पाया गया जिसके बाद स्वीट 6/7 का स्थान था (36. 38) जोकि भगवा से (31.90) श्रेष्ठ है।

1.2.6 रा.अ.अनु.सं, सोलापुर में विकसित संकरों का मूल्याकंन

वणिज्यिक किस्म भगवा में नाना और दारू की जीवाणु चित्ती सहिष्णु विशेषताएं अंतरित करने के उद्देश्य से भगवा तथा थ्री वे क्रॉस संकरों {(जी×एन)×डी} के बीच संकरीकरण संचालित किया गया। एफ 1 संकर के 45 उत्तरजीवित पादपों में से 20 पादपों को भगवा से तुलना हेतु संकर ब्लॉक में रोपा गया।

NRCP H - 6

NRCP H – 6

NRCP H - 6

NRCP H - 14

NRCP H – 14

NRCP H – 14

राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र द्वारा विकसित आशाजनक संकर

संकर जनसंख्या का रोपण के चौथे वर्ष के दौरान वानस्पतिक विशेषताओं और भौतिक–रासायनिक मापदण्डों के लिए आकलन किया गया था। पादप की ऊंचाई संकरों के मध्य उल्लेखनीय रूप से भिन्न–भिन्न थी जो 191.20 से 392.0 के बीच थी। अधिकतम पादप ऊंचाई रा.अ.अनु.के. एच–1 द्वारा दर्ज की गई (392.0) तथा समस्त संकर भगवा (191.20) की तुलना में लंबे पाए गए जिससे रा.अ. अनु.के. संकरों की वानस्पतिक तीव्रता प्रदर्शित हुई।

ये संकर फल पैदावार के संबंध में उल्लेखनीय रूप से भिन्न थे जिसकी सीमा रोपण के चौथे वर्ष के दौरान 8.12 से 19. 54 किग्रा/वृक्ष पाई गई। उच्चतम फसल पैदावार रा.अ.अनु.के. एच–13 (19.54 किग्रा) द्वारा दर्ज की गई। इसके बाद फल पैदावार किग्रा/वृक्ष के संबंध में रा.अ.अनु.के. एच–15 (17.16 किग्रा) और रा.अ.अनु.के. एच–14 (16.34 किग्रा) का स्थान था जो भगवा (10. 20 किग्रा) की तुलना में अधिक है। कुल मिलाकर, ग्यारह संकरों की फसल पैदावार/वृक्ष भगवा (10.20 किग्रा) से श्रेष्ठ पायी गई।

कुल घुलनशील ठोस, /अम्ल अनुपात के आधार पर, फल की गुणवत्ता के लिए एच–6 और एच–14 को भगवा से श्रेष्ठ पाया गया और इस प्रकार इसे उपभोज्य प्रयोजनों के लिए उपयुक्त समझा गया। रा.अ.अनुं.के एच–6 का सर्वाधिक कुल फलनशील ठोस, /अम्ल अनुपात (39.88) था जिसके बाद रा.अ.अनुं.के एच–14 (39.53) का स्थान था। इसके अलावा, रा.अ.अनुं.के एच–10 (31.52) और रा.अ.अनुं.के एच–5 (31.10) फल गुणवत्ता आधारित कुल फलनशील ठोस, /अम्ल अनुपात के लिए भगवा के समतुल्य पाए गए। छह संकरों में 3.0 प्रतिशत से अधिक अम्लता पाई गई (रा.अ.अनुं.के एच–4, 12, 11, 15, 1, 3) इन संकुरों को अनारदाना के लिए उपयोगी बनाती है।

1.2.7 जीवाणु चित्ती सहिष्णुता के लिए संकरीकरण तथा एफ–1 संकरों का रोपण

एफ 1 संकर पौधों को उगाना

फरवरी के माह के दौरान अनार की वाणिज्यिक किस्मों (भगवा, रूबी) को जीवाणु चित्ती सहिष्णु प्रजातियों (नाना, कल्पितिया, नयाना, दारू, एक–50) के साथ संकर किया गया। फल–स्थापन 20.0 से 55.5 प्रतिशत के बीच था। संकर भगवा×कल्पितिया ने उच्चतम फल–स्थापन (55.5 प्रतिशत) दर्ज किया 4 वाणिज्यिक किस्मों (गणेश, भगवा, रूबी, जालोर सीडलेस) तथा 3 जीवाणु चित्ती सहिष्णु प्रजातियों (नाना, कल्पितिया, नयना) को शामिल करते हुए पिछले वर्ष किए गए संकरीकरण के फलस्वरूप प्राप्त संकर पादप उगाने को गमलों में बोया गया। एफ1 संकर पौधों को पॉलीबैग में स्थानांतरित किया गया तथा नर्सरी में छाया के अंतर्गत अनुरक्षित किया गया।

गुणात्मक विशेषताओं हेतु रा.अ.अनु.के. सकरों का मूल्यांकन

एनआरसीपी संकर	100 बीजचोल भार (ग्राम)	100 बीजचोल रस परिमाण (मि. ली.)	बीजचोल लंबाई (मि.मी.)	बीजचोल चौड़ाई (मि.मी.)	टीएसएस (°बी)	अम्लता (%)	टीएसएस एसिड अनुपात
भगवा	35.0	23.0	10.94	6.86	15.88	0.50	31.76
एनआरसीपी एच–1	33.8	16.5	9.20	7.22	17.22	3.58	4.82
एनआरसीपी एच–2	25.6	8.0	7.37	6.61	16.22	0.70	23.03
एनआरसीपी एच–3	30.2	14.0	10.15	6.88	17.13	3.04	5.63
एनआरसीपी एच–4	29.5	17.0	11.17	5.92	15.69	5.76	2.72
एनआरसीपी एच–5	22.6	10.0	8.70	5.09	15.88	0.51	31.01
एनआरसीपी एच–6	38.5	22.0	10.33	6.19	17.55	0.44	39.88
एनआरसीपी एच–7	43.2	23.5	10.35	8.14	16.59	1.15	14.42
एनआरसीपी एच–8	34.5	19.0	10.57	6.70	18.17	0.83	21.89
एनआरसीपी एच–9	33.7	16.5	9.93	7.64	15.9	2.62	6.07
एनआरसीपी एच–10	25.5	8.0	9.28	6.91	16.08	0.51	31.52
एनआरसीपी एच–11	25.8	14.0	9.92	7.10	14.85	4.28	3.46
एनआरसीपी एच–12	42.4	24.5	11.18	8.24	16.9	4.80	3.52
एनआरसीपी एच–13	45.0	24.0	9.92	7.73	18.28	2.04	8.96
एनआरसीपी एच–14	44.5	21.5	10.25	7.09	17.79	0.45	39.53
एनआरसीपी एच–15	34.2	18.5	9.28	6.40	15.75	3.58	4.39
एनआरसीपी एच–16	33.5	16.0	10.42	7.42	15.81	2.36	6.70
एनआरसीपी एच–17	36.2	22.0	12.50	7.48	16.65	2.30	7.24
एनआरसीपी एच–18	53.4	26.0	12.10	7.98	17.46	2.88	6.06
एनआरसीपी एच–19	26.8	12.5	11.13	7.14	13.79	0.70	19.70
एनआरसीपी एच–20	29.0	12.0	10.15	6.52	16.34	1.60	10.21

संकरीकरण के कारण अनार में फलस्थापन

वर्ण संकर का नाम	वर्ण संकरित फूलों की संख्या	प्राप्त फलों की संख्या	फ्रूटसैट (%)
भगवा × नाना	12	4	33.3
भगवा × कल्पितिया	36	20	55.5
भगवा × नयना	60	22	36.6
भगवा × एसीसी–50	20	7	35.0
भगवा × दारू	21	6	28.5
भगवा × (कल्पितियां रूबी)	15	3	20.0
भगवा × (नयना रूबी)	15	7	46.6
कल्पितिया × भगवा	5	2	40.0
नयना × भगवा	11	6	54.5
नयना × रूबी	10	3	30.0

नर्सरी में संकर प्रजातियों की एफ उपज

2. आनुवांशिक संसाधन

2.1 आनुवांशिक संग्रहण और अनुरक्षण

2.1.1 जनन द्रव्य एकत्रीकरण और अनुरक्षण

राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो प्रादेशिक केंद्र, भोवली, उत्तराखण्ड में संवर्धित और अनुरक्षित अनार के बयानवे विदेशी जननद्रव्यों को फरवरी 2013 माह के दौरान, सोलापुर में स्थानांतरित, किया गया। इसके अलावा, हिरज और केगांव फार्मों में प्रक्षेत्र जीन बैंकों में कुल 190 जननद्रव्य अनुरक्षित किए गए हैं। अनार के कुल 282 जननद्रव्यों का अनुरक्षण किया जा रहा है।

अनार किस्म वंडरफुल के कर्तनों को पौधशाला में संग्रहित और अनुरक्षित किया गया है। इसके अलावा, सोलापुर जिले के पाटकुल में किसानों के खेत से अनार किस्म भगवा की एक अपेक्षित क्षेत्रीय किस्म को भी संग्रहित किया गया है। यह किस्म अभी पूर्व–अवस्था में है तथा अल्पावधि की जीनोटाइप है जिसे मध्यम आकार के फलों का विकास करने के लिए लगभग पांच महीने का समय अपेक्षित है।

वंडरफुल किस्म के दृढ़ काष्ठकर्तन

भगवा की लघु अवधि उत्परिवर्ति

2.1.2 अनार जनन–द्रव्य की डीएनए फिंगर प्रिंटिंग

राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, नई दिल्ली के सहयोग से राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केन्द्र में संग्रहित किए गए अनार के जनन–द्रव्यों की डीएनए फिंगर प्रिंटिंग की गई। एसएसआर तथा आरएपीडी की तुलना में आईएसएसआर पद्धति ने अधिक पॉलीमोरफिक प्रोफाइल प्रदर्शित किए। समग्र अंतरानिर्दिष्ट पालीमॉरफिज्म का पैटर्न अत्यंत उल्लेखनीय पाया गया जिसने अनार जनन–द्रव्य के मध्य विविधता प्रदर्शित की।



संग्रहण 1–32एवं33–53
जनन–द्रव्य संग्रहण का आईएसएसआर प्रोफाईल

डीएनए फिंगर प्रिंटिंग के लिए प्रयुक्त अनार जनन–द्रव्य

विभिन्न डीएनए मार्कर प्रयुक्त करके विश्लेषित अनुवृद्धि							
1	गणेश	17	कोयम्बतूर श्वेत	33	माहा	49	आईसी–1198
2	यर्काड–1	18	तबेस्ता	34	पी–23	50	आईसी–1196
3	निमाली	19	सूरत अनार	35	पी–13	51	आईसी–1194
4	कल्पितिया	20	बसीन बीजरहित	36	कसूरी	52	नाना
5	फूले अरक्ता	21	यर्काड	37	अलाह	53	आईसी–318754
6	17/12	22	स्पिन सकाहरिन	38	जोधपुर रेड		
7	जोधपुर संग्रह	23	बेदाना सूरी	39	गुलेशमर्ड		
8	ढोलका	24	मस्काट	40	पी–26		
9	जी–137	25	बोस्कालिनेसी	41	पी–16		
10	केआरएस	26	काबुली कन्नूर	42	शिरिन अनार		
11	छामिनी	27	बेदाना सेडाना	43	मृदुला		
12	जालोर बीजरहित	28	पटना–5	44	आईसी–1201		
13	भगवा	29	स्पेंडानादेर	45	आईसी–1203		
14	कंधारी	30	छोरसता मालस	46	आईसी–1204		
15	काबुली पीली	31	ए के अनार	47	आईसी–1205		
16	ज्योति	32	बेदाना थिकस्किन	48	आईसी–119		

2.1.3 जनन–द्रव्य मूल्याकंन

वर्ष 2007 के बाद से एक चरणबद्ध तरीके से लगाए गए जनन–द्रव्य का विकास, पैदावार और गुणवत्ता संबंधी–मापदण्डों के संबंध में मूल्यांकन किया गया। उत्तराखंण्ड से संग्रहित किए गए दो वर्ष पुराने जंगली अनारों के 31 जननद्रव्यों का विकास और पत्तियों की विशेषताओं के लिए मूल्यांकन किया गया। पादप की ऊंचाई ने 24.27 प्रतिशत के अंतर का अधिकतम गुणांक (सीवी) दर्शाया जिसके बाद पत्ती के क्षेत्रफल (20.16 प्रतिशत) का स्थान था। इसी प्रकार, अनार के तीन वर्ष पुराने 68 जननद्रव्यों का उनके विकास मापदण्डों के लिए मूल्यांकन किया गया था। विभिन्न जननद्रव्यों में पादप ऊंचाई (सेंमी), पादप फेलाव पूरब–पश्चिम और उत्तर–दक्षिण (सेंमी) 80–335, 71.70–33 और 136–290 के बीच क्रमशः था। पादप ऊंचाई के संबंध में 30.57 प्रतिशत का अधिकतम सीवी दर्ज किया गया जिसके पश्चात पादप फैलाव (पूरब–पश्चिम) का स्थान था। इसके अलावा, चार वर्ष पुराने जनन–द्रव्य के पैंसठ नमूनों का उनके विभिन्न विकास मापदण्डों के लिए भी मूल्यांकन किया गया। पादप ऊंचाई, पादप फैलाव (पूरब–पश्चिमऔर उत्तर–दक्षिण क्रमशः) 36.70–370 33.30–361.70 और 46.70–328.30 के बीच थे। तथापि, अधिकतम अंतर (28.33 प्रतिशत) पादप फैलाव में दर्ज किया गया जिसके बाद पादप ऊंचाई (27.29 प्रतिशत) का स्थान था।

सामान्यतः उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू–कश्मीर से संग्रहित किए गए जंगली जननद्रव्यों का विकास प्रदर्शन अत्यधिक तीव्र पाया गया। पचास (50) नमूने जननावस्था में थे और इस प्रकार से विभिन्न भौतिक–रासायनिक गुणों के लिए फल विश्लेषण के मध्यधीन थे। इन जनन–द्रव्यों की भौतिक–रासायनिक विशेषताओं ने 7.61–41.05 प्रतिशत की सीवी परिधि–दर्शाई। छिलके के भार (41.05 प्रतिशत) के संबंध में अधिकतम अंतर देखा गया जिसके बाद फल के भार (36.97 प्रतिशत) और छिलके की मोटाई (27.81 प्रतिशत) का स्थान था। हालांकि बीजचोल प्रतिप्राप्ति में सबसे कम अंतर (7.61 प्रतिशत) देखा गया। यहां तक कि विभिन्न जनन–द्रव्यों में बीजचोल के आकार और रंग में भी अंतर दर्ज किया गया। 50 नमूनों की पुष्प विशेषताओं ने भी उल्लेखनीय भिन्नताएं दर्शाई। पुष्प की लंबाई, पुष्प की चौड़ाई, पुष्प–भार, पंखुड़ी की लंबाई और पंखुड़ी चौड़ाई (मिमी) क्रमशः 18.40–40. 40(मिमी), 5.7–15.6(मिमी), 0.5–4.3(ग्रा.), 10.80–36.60 और 10–25.29 (मिमी) के बीच पाई गई। सर्वाधिक अंतर पुष्प के भार (22.58 प्रतिशत सीवी) में दर्ज किया गया जिसके पश्चात् पंखुड़ी की लंबाई और पंखुड़ी की चौड़ाई (19.27 प्रतिशत सीवी) का स्थान था। विभिन्न जननद्रव्यों में पौध उँचाई,फैलाव,छिल्का वजन, फूल एवं फल भार मे विविधता पायी गई ।

उत्तराखंड से एकत्रित जगंली जननद्रव्यों के मापदंड में परिवर्तन अध्ययन

मापदंड	रैंज	मध्यमान	एसडी	सीवी (%)
पौधे की ऊंचाई (सें.मी.)	215–334	276.03	30.67	24.27
पौधे का विस्तार ईडब्ल्यू (से.मी.)	128–267	210.50	38.92	18.48
पौधे का विस्तार एनएस (से.मी.)	122–263	208.68	37.75	18.08
पत्ती क्षेत्र (सें.मी.)	4.2–8.9	6.10	1.23	20.16
पत्ती की लंबाई (सें.मी.)	3.3–6.2	4.51	0.72	15.96
औसत चौड़ाई (से.मी.)	1.0–1.6	1.28	0.13	10.15

अनार जननद्रव्यों का विविधता अध्ययन

मापदंड	श्रेंज	मध्यमान	एसडी	सीवी (%)
पौधे की ऊंचाई (सें.मी.)	80–335	219	66.96	30.57
पौधे का विस्तार ईडब्ल्यू (से.मी.)	71.70–323	219	64.66	29.93
पौधे का विस्तार एनएस (से.मी.)	136–290	229.35	36.02	15.70

अनार अनुवृद्धियों का वानस्पतिक विविधता अध्ययन

मापदंड	श्रेंज	मध्यमान	एसडी	सीवी (%)
पौधे की ऊंचाई (से.मी.)	36.70–37	226.69	61.85	27.29
पौधे का विस्तार ईडब्ल्यू (से.मी.)	33.30–361.70	227.69	64.52	28.33
पौधे का विस्तार एनएस (से.मी.)	46.70–328.30	236.21	44.82	18.97

अनार जननद्रव्य की भौतिक–रसायन विशेषताओं में परिवर्तनीय अध्ययन

मापदंड	श्रेंज	मध्यमान	एसडी	सीवी (%)
फल का वनज (ग्रा.)	10.90–314.10	176.19	65.14	36.97
फल की लंबाई (से.मी.)	4–10	7.93	1.23	15.51
फल की चौड़ाई (से.मी.)	2.6–8.7	6.69	0.99	14.79
फल की पुटक लंबाई (से.मी.)	0.4–1.7	1.25	0.33	26.4
छाल का वजन (ग्रा.)	3.3–112.7	54.22	22.26	41.05
100 बीजचोल भार (ग्रा.)	12–42.90	28.68	5.07	17.68
बीजचोल वसूली (%)	54.80–78.10	68.59	5.22	7.61
बीजचोल लंबाई (से.मी.)	0.90–1.5	1.1	0.12	10.90
बीजचोल चौड़ाई (से.मी.)	0.5–0.8	0.65	0.07	10.76
छाल की मोटाई (से.मी.)	0.1–0.6	0.28	0.07	27.81
टी.एस.एस. (%)	11.3–20	16.10	1.55	9.63

2.2 मर रोग के संबंध में जनन–द्रव्य का अन्वेषण

वर्ष 2012–13 के दौरान, दिसबंर 2012 माह में सेरेटोसिस्टिस फिम्ब्रिएटा के साथ लगाए गए एक वर्ष की आयु के पादपों को कृत्रिम रूप से संचारित करते हुए मर प्रतिरोध के लिए सात जनन–द्रव्यों अन्वेषण किया गया है। आवधिक प्रेक्षणों ने यह दर्शाया की मर के संलक्षण संचारण एक माह के भीतर आरंभ हुए तथा मार्च 2013 की समाप्ति तक आगे विकसित होता रहे।

2.3 कीटों (थ्रीप्स) के विरूद्ध जनन–द्रव्य का अन्वेषण

वर्ष 2012–13 के दौरान, शेड नेट के अंतर्गत कीटों के विरूद्ध प्रतिरोध के लिए बारह जनन–द्रव्यों के संग्रहण का अन्वेषण किया गया । कीटों के विरूद्ध अन्वेषित किए गए 12 जनन–द्रव्यों में से कोई भी प्रतिरोधक नहीं पाया गया। अक्तूबर 2012 से जनवरी 2013 के दौरान अन्वेषित किए गए जनन–द्रव्यों के मध्य प्रति पादप औसत कीट जनसंख्या 6.69 और 9.96 बीच थी।

3. फसल उत्पादन

3.1 पादप प्रवर्धन

3.1.1 कठोर काष्ठ कर्तन (हार्डवुड कलम) के माध्यम से अनार का प्रवर्धन

3.1.1.1 मूलवृत्त के रूप में प्रयोग के लिए कठोर काष्ठ कर्तन के माध्यम से अनार जनन– द्रव्यों का मूल्यांकन और प्रवर्धन

वर्ष 2012–13 के दौरान ग्रीन हाऊस के अंतर्गत दो भिन्न रोपण माध्यमों में आशाजनक जनन–द्रव्यों की कर्तन सफलता का मूल्यांकन करने के लिए एक प्रयोग संचालित किया गया था तथा रोपण के पश्चात् 15,30,45 और 60 दिनों पर प्रेक्षणों को दर्ज किया गया। प्रक्षेत्रीय परिस्थितियों के अंतर्गत जीवाणु चित्ती की कम घटना दर्शाने वाले आठ आशाजनक अनार जनन–द्रव्यों का चयन किया गया तथा कठोरकाष्ठ कर्तन के माध्यम से उनकी संख्या में वृद्धि की गई। रोपण माध्यम पर ध्यान दिए बिना, आईसी 1194 की कठोर काष्ठ कर्तनों ने अधिकतम अंकुरण (रोपण के पश्चात 15,30 और 45 दिनों पर क्रमश 88.33, 85.00 और 86.67 प्रतिशत) और कर्तन सफलता (रोपण के पश्चात 60 दिन पर 85.00 प्रतिशत) प्रदान की। आईसी 1204 और 1205 जननद्रव्य संग्रहण की अंकुरण और कर्तन सफलता भी आईसी 1194 के समतुल्य थी। जहां तक जनन–द्रव्य की अंकुरण और कर्तन सफलता का संबंध है, रेत, नारियल की छाल और केंचुए की खाद (क्यारी–2) के मिश्रण वाला रोपण माध्यम रेत, मृदा और सड़ी हुई गोबर की खाद (क्यारी–1) के मिश्रण की तुलना में उल्लेखनीय रूप से बेहतर था।

अनार जननद्रव्यों की हार्डवुड कलम सफलता पर रोपण माध्यम का प्रभाव

जननद्रव्य	रोपण माध्यम		मध्यमान [1]	रोपण माध्यम		मध्यमान [2]	रोपण माध्यम		मध्यमान [3]	रोपण माध्यम		मध्यमान [4]
	क्यारी 1	क्यारी 2		क्यारी 1	क्यारी 2		क्यारी 1	क्यारी 2		क्यारी 1	क्यारी 2	
आईसी 1205	83.33 (66.64)	86.67 (72.74)	85.00 69.69	83.33 (66.15)	80.00 (63.93)	81.67 (65.03)	83.33 (66.64)	76.67 (65.81)	80.00 (66.22)	83.33 (66.64)	80.00 (64.64)	81.67 (65.63)
आईसी 1204	86.67 (68.85)	80.00 (64.64)	83.33 (66.75)	80.00 (63.93)	83.33 (66.15)	81.67 (65.03)	86.67 (72.24)	73.33 (59.22)	80.00 (65.73)	86.67 (72.24)	80.00 (64.64)	83.33 (68.44)
आईसी 1198	63.33 (52.85)	90.00 (74.95)	76.67 (63.91)	60.00 (50.86)	83.33 (66.15)	71.67 (58.50)	56.67 (48.93)	86.67 (68.85)	71.67 (58.89)	60.00 (50.94)	93.00 (77.66)	76.00 (64.31)
आईसी 1199	40.00 (39.06)	80.00 (68.81)	60.00 (53.93)	43.33 (41.15)	56.67 (48.85)	50.00 (45.00)	46.67 (43.07)	66.67 (55.08)	56.67 (49.08)	43.00 (41.15)	76.67 (62.71)	60.00 (51.93)
आईसी 1194	80.00 (63.93)	96.00 (83.77)	88.33 (73.85)	73.33 (59.00)	96.67 (83.77)	85.00 (71.38)	76.67 (61.93)	96.67 (83.77)	86.67 (72.84)	76.67 (61.22)	93.33 (77.66)	85.00 (69.44)
आईसी 1201	50.00 (45.08)	70.00 (56.78)	60.00 (50.94)	56.67 (48.93)	70.00 (56.78)	63.33 (52.85)	50.00 (45.08)	66.67 54.78	58.33 (49.93)	36.67 (37.15)	66.67 (54.78)	51.67 (45.96)
आईसी 318720	50.00 (45.00)	93.33 (77.66)	71.67 (61.33)	43.33 (41.15)	86.67 (72.24)	65.00 (56.70)	53.33 (46.93)	90.00 (74.95)	71.67 (60.94)	46.67 (43.07)	86.67 (72.24)	66.67 (57.67)
आईसी 318735	40.00 (39.14)	80.00 (63.93)	60.00 (51.54)	40.00 (39.24)	73.33 (59.00)	56.67 (49.12)	36.67 (37.15)	76.67 (61.71)	56.67 (49.43)	20.00 (21.98)	70.00 (57.29)	45.00 (39.64)

*रूपांतरित मान

1,2,3 और 4, रोपण के 15,30,45 और 60 दिनों के बाद मध्यान अंकुरण/कलम सफलता है क्यारी 1–बालू, मृदा और वर्मीकम्पोस्ट का मिश्रण; क्यारी 2– बालू, कोकोपिट और वर्मीकम्पोस्ट का मिश्रण

हार्डवुड कलम द्वारा जननद्रव्यों का प्रजनन

3.1.1.2 प्रवर्धनों की सफलता दर पर कठोरकाष्ठ कर्तन की लंबाई और रोपण माध्यम का प्रभाव

अनार किस्म भगवा के अंकुरण और कर्तन सफलता पर कठोरकाष्ठ कर्तन की लंबाई और रोपण माध्यम के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए प्रयोग तैयार किया गया और उपचार अधिरोपित किए गए। इस अध्ययन के पीछे उद्देश्य छोटी कर्तनों का प्रयोग करते हुए अधिक संख्या में रोपण सामग्री उत्पादित करना तथा उच्च कर्तन सफलता के साथ उपयुक्त रोपण माध्यम की पहचान करना था। कठोरकाष्ठ कर्तनों को 10 मिनट के लिए कार्बोन्डेजिम + स्ट्रेप्टोसाइक्लिन के घोल में डुबोकर रखा गया और फिर इसे 5 मिनट तक सूखने दिया गया। इस उपचार ने स्वस्थ रोपण सामग्री का उत्पादन सुनिश्चित किया। कर्तनों के प्रारंभिक भाग को (7–10 सेंमी) रोपण से पूर्व 2000 पीपीएम आईबीए के साथ 5 मिनट के लिए उपचारित किया गया। परिणाम ने दर्शाया कि रोपण के 15 दिनोपरान्त (20 और 15 लंबी कर्तनों के साथ क्रमशः 96.67 और 86.67 प्रतिशत) पर अंकुरण सफलता कर्तन की लंबाई से उल्लेखनीय रूप से प्रभावित हुई थी परंतु 30,45 और 90 दिनोंपरांन्त पर अंकुरण और कर्तन सफलता में कोई उल्लेखनीय अंतर नहीं था। अतः 15 सेंमी लंबाई के कर्तनों को भी सफलता दर को प्रभावित किए बिना कठोरकाष्ठ कर्तन के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है। नए संयोजनों की तुलना में पारंपरिक रोपण माध्यम (रेत, मृदा और सड़ी हुई गोबर की खाद का मिश्रण) पर कर्तन सफलता की तुलना के लिए विभिन्न रोपण माध्यमों का प्रयोग किया गया था। कर्तन के आकार के बावजूद–रोपण माध्यम (रेत, नारियल के छिलके और केंचुए के खाद का मिश्रण) कठोरकाष्ठ कर्तनों की सफलता दर में वृद्धि करने के लिए श्रेष्ठ पाया गया।

3.1.1.3 प्रगतिशील समयावधि के साथ कर्तन सफलता की अभिवृत्ति

जब समयावधि के साथ कर्तन सफलता की अभिवृत्ति का पता लगाने के लिए ग्राफ प्लॉट किया गया, तो यह पाया गया कि कर्तनों में प्रारंभिक अंकुरणअत्यधिक उच्च होता है जो रोपण के 60 दिनोपरांन्त तक धीरे–धीरे नीचे गिरने लगता है और उसके बाद स्थिर हो जाता है।

अनार किस्म भगवा में दृढ़काष्ठ कर्तन सफलता

रोपण के 45 दिनोपरांन्त पर भगवा की जड़वत हार्डवुड कलम विकास समयावधि के साथ

3.1.2 कलमों पर अध्ययन

3.1.2.1 मूलवृत्तों का शाखवृतों पर प्रभाव

गणेश, भगवा, मृदुला और अरक्ता के बीजु पौधों गणेश और भगवा को कोस्टियानिकका चयन करने के लिए कलमबद्ध किया गया । मूल्यांकन के लिए क्षेत्र में कुल आठ मूलवृत्त और कलम ग्राफ्ट संयोजनों का प्रयोग किया गया । 3 वर्ष की आयु के वृक्षों में विकास और फल गुणवत्ता मापदण्डों को दर्ज किया गया। विभिन्न मूलवृत्त और कलम संयोजनों द्वारा पादप ऊंचाई, पादप फैलाव (उत्तर–दक्षिण एवं पूरब–पश्चिम) फल भार, 100 बीजचोल भार और कुल फलनशील ठोस उल्लेखनीय रूप से प्रभावित हुए।

3.1.2.2 अनार में कलम सफलता

कलम के रूप में भगवा का प्रयोग करते हुए जंगली संग्रहणों सहित 7 मूलवृत्तों पर वेज ग्राफ्टिंग का प्रयोग किया गया । विभिन्न संग्रहणों में (कलमबंदी करने के 60 दिनों पश्चात) डीएजी पर कलम सफलता दर 80 से 100 प्रतिशत के बीच थी।

3.1.3 मुकुलन पर अध्ययन

3.1.3.1 अनार में मुकुलन

प्रारंभिक परीक्षण में मुकुलन सफलता > 90 प्रतिशत से अधिक पाई गई।जब मुकुलन मध्य जनवरी 2013 के दौरान किया गया। इस अध्ययनमें विशेष रूप से यथास्थाने मुकुलन की संभावना को दर्शाया गया है।

अनार में मुकुलन

3.1.4 सूक्ष्म प्रवर्धन अध्ययन

3.1.4.1 कल्चर स्थापन पर कार्त्तोतक पूर्व उपचारों का प्रभाव

संदूषण–मुक्त संवर्ध स्थापित करने के उद्देश्य से नोडीय खण्ड पूर्वपादपों को विभिन्न पूर्वउपचार प्रदान किया गया । विभिन्न कवकनाशियों और प्रतिजैविक संयोजनों में, उस समय उच्चतर संदूषण–मुक्त संवर्ध स्थापित किए गए जब पूर्वपादपों को टी$_1$(कार्बेडाजिम 0.1%+{मेटालेग्झील 4% +मॅन्कोजेब 64:% 0.1%)+स्ट्रेप्टोसायक्लीन 0.05%30 मिनिट}और टी$_3$(प्रोपीकोनाजोल0.1+{मेटालोझोला 4%+ मॅन्कोजेब 64% 0.1%}+ स्ट्रेप्टोसायक्लीन+0.05%30 मि.10) पूर्वउपचार दिए गए।

हालांकि टी$_6$ के साथ उपचारित संवर्धों में संदूषण का प्रतिशत निम्नतम पाया गया था, परंतु कवक–नाशियों और प्रतिजैविकों के साथ उपचार की संवर्धित अवधि के कारण अंकुरण भी 35.00 प्रतिशत तक उल्लेखनीय रूप से कम हुआ। इन परिणामों ने यह दर्शाया कि कवकनाशियों और प्रतिजैविकों के साथ पूर्वउपचारों की अवधि और संकेंद्रण में इष्टतम स्तर से अधिक वृद्धि के परिणामस्वरूप अंकुरण में कमी और उत्तकक्षय में वृद्धि होती है।

कार्त्तोतक अकुरण

एक नोडीय खंड से बहुनोडीय खंड में विकास

एक नोडीय खंड से बहुनोडीय खंड में विकास





3.1.4.4 सूक्ष्मतनों की अंतः पात्र रूटिंग

बहुवर्धन के 3–4 चक्रों के पश्चात् तनों को 400 मि.ग्रा/ली. सक्रिय चारकोल वाले रूटिंग माध्यम में संचारित किया गया। आर$_1$ माध्यम पर तनों ने जड़ लेने में न्यूनतम दिन (8.99) लिए तथा आर$_2$ माध्यम पर तनों ने प्रति तना अधिकतम जड़ों की संख्या को उत्पादित किया (5.33)। जब तनों को आर$_6$ पर संचारित किया गया तो जड़ों की लंबाई (4.33 सेंमी) अधिकतम पाई गई। श्रेष्ठ निष्पादन उपचारों जड़ जमने, जड़ की लंबाई और जड़ों की संख्या के दिनों के लिए क्रमशः आर$_1$, आर$_6$ और आर$_7$ पर सूक्ष्मतनों का निष्पादन नियंत्रण की तुलना में उल्लेखनीय रूप से श्रेष्ठ था। सक्रिय चारकोल तथा निम्न लवण आधारीय माध्यम के साथ आक्सिन ने सूक्ष्मतनों में लड़ के लिए उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

अनारकिस्म भगवा में सूक्ष्मकलियों की इन विट्रो जडन् पर विभिन्न आधारीय माध्यम और विकास नियंत्रक संयोजनों पर प्रभाव

उपचार	जड़ निष्काषन	संचारन के 25दिनों पर प्राथमिक/मुख्य जड़ों की संख्या	संचारन 25 दिनों(से.मी.) पर औसत जड़ लंबाई
आर$_0$ (आधारीय मध्यम)	15.67	2.00	3.00
आर$_1$[आधारीय मध्यम + आईएए (×एमजी/ली.)]	8.99	4.33	3.53
आर$_2$[आधारीय मध्यम + आईबीए (×एमजी/ली.)]	11.66	3.33	2.17
आर$_3$[आधारीय मध्यम + एनएए (×एमजी/ली.)]	11.17	3.00	3.02
आर$_4$[आधारीय मध्यम + बीएपी (ए एमजी/ली.) + आईएए (बी एमजी/ली.) + एनएए (सी एमजी/ली.)]	10.11	3.00	3.20
आर$_5$[आधारीय मध्यम + बीएपी (ए एमजी/ली.) + आईएए (डी एमजी/ली.) + एनएए (ई एमजी/ली.)]	9.89	4.00	3.29
आर$_6$[आधारीय मध्यम + आईएए (वाई एमजी/ली.)]	9.22	3.67	4.33
आर$_7$[आधारीय मध्यम + आईबीए (वाई एमजी/ली.)]	10.67	5.33	3.23

3.1.4.5 लाभप्रद जीवाणुओं का प्रयोग करते हुए ऊत्तक संवर्ध विकसित पादपों की जैव–कणेरीकरण

उत्तक संवर्ध विकसित पादपों की आकृति–विज्ञान और जैव–रासायनिक विशेषताओं पर बाह्य पात्र कठोरता के दौरान पादप लाभकारी जीवाणुओं के संचारण के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए 2012–13 के दौरान एक प्रयोग संचालित किया गया । उत्तक संवर्ध विकसित पादपों की जैव–कठोरण के लिए दो लाभकारी जीवाणुओं अर्थात् ग्लोमस इंट्रारेडिसेस और एस्परजिलस का प्रयोग किया गया था।

लाभप्रद जीवाणु प्रयुक्त करके उत्तक सवंर्धित पौधें का जैवकठोरीकरण

3.2 मृदा प्रबंधन

3.2.1 अनार की स्थायी उत्पादकता के लिए उपयुक्त मृदा की पहचान

3.2.1.1 गड्ढा भरने के लिए प्रयुक्त विभिन्न मिश्रणों पर अनार फलोद्यानों का प्रदर्शन

अनार की दो उपजाई गई प्रजातियों अर्थात् गणेश और भगवा का गड्ढा भरने के उपयोग में लाए गए विभिन्न माध्यमों के संबंध में अध्ययन किया गया था जिसमें मुरूम, रेतीली मृदा, जिसमें बजरी का उच्च अंश था,विभिन्न गहराईयों वाली दुमटी और काली मिट्टी का इस्तेमाल किया गया।

वानस्पतिक वृद्धि मापदण्ड

पादप की ऊंचाई और फैलाव को वानस्पतिक विकास मापदण्ड के रूप में दर्ज किया गया । परिणामों ने दर्शाया कि गणेश में उत्तर–दक्षिण में उल्लेखनीय अंतर तथा औसत फैलाव पाया गया। काली चिकनी मिट्टी पर उगाए गए पादपों में सार्वाधिक वानस्पतिक विकास (पादप की ऊंचाई और फेलाव के संबंध में) दर्शाया जिसके बाद 30 सें.मी तक भरी गई काली मिट्टी और दुमटी मृदा का स्थान था। काली चिकनी मिट्टी की गहराई में वृद्धि के साथ विकास में अत्यधिक कमी पायी गई। उस समय बेहतर वानस्पतिक विकास देखा गया जब गड्ढों में काली मिट्टी तथा मुरूम भरा गया था और काली मिट्टी एवं रेत का मिश्रण डाला गया था। इस में स्पष्ट रूप से अनार किस्म गणेश की अच्छी वानस्पतिक वृद्धि प्राप्त करने के लिए बेहतर जल निकास परिस्थितियों के महत्व को दर्शाया गया। केवल मुरूम से भरे हुए गड्ढें में अध्ययन के चौथे वर्ष के दौरान निम्नतम वानस्पतिक विकास दर्ज किया गया।

विभिन्न प्रकार के गड्ढ़े भरने वाले माध्यमों में भगवा किस्म के पादप फैलाव में उल्लेखनीय विविधताएं भी देखी गईं। यहाँ पर, पादप विकास उस समय उच्चतम था, जब गड्ढ़े को 90 सेंमी तक की गहराई तक काली चिकनी मिट्टी से भरा गया था और उस समय वानस्पतिक विशेषताओं में भारी कटौती देखी गई, जब उन्हें 120 सेंमी की गहराई तक काली चिकनी मिट्टी से भरा गया। सौम्य बनावट वाली मृदा में पादपों की वृद्धि खराब की।

अनार की भगवा किस्म 90 सेंमी की गहराई तक भी काली चिकनी मिट्टी में बेहतर रूप से उगती पायी गई तथा यह गणेश किस्म की तुलना में खराब जल–निकासी प्रणाली के प्रति अधिक सहिष्णु है। जबकि गणेश किस्म सौम्य बनावट वाली मृदा में समान रूप से अच्छी उगती है, परंतु यह भगवा किस्म की तुलना में खराब जल–निकासी स्थितियों के प्रति अधिक संवेदनशील है।

फल की पैदावार

विभिन्न प्रकार के गड्ढे भरने वाले माध्यमों में उगाए गए पादपों में गणेश किस्म की पैदावार विशेषताओं में उल्लेखनीय विविधताएं भी देखी गईं। प्रति पादप फलों की कुल संख्या 12.0 से 27.7 के बीच थी तथा यह 30 सेंमी की गहराई तक भरी गई काली चिकनी मिट्टी में उगाए गए पादपों में सर्वाधिक थी तथा इसके बाद रेत के साथ भरी गई काली मिट्टी (1:1 अनुपात में) तथा दुमटी मिट्टी का स्थान था।जब पादपों को 60 सेंमी और 90 सेंमी तक की गहराई में काली चिकनी मिट्टी से भरा गया, तो फसल पैदावार में कमी हुई थी। इन उपचारों के अंतर्गत विद्यमान जल–निकासी की खराब परिस्थितियों के कारण ही शायद फलों का कम उत्पादन हुआ होगा। फल के भार ने भी कुल मिलाकर समान प्रवृत्ति दर्शाई। तथापि, 90 सेंमी तक की गहराई में काली चिकनी मिट्टी के साथ भरे गए गड्ढों में फलों का औसत भार सर्वाधिक होने का कारण पादप छत्रक आयतन के हिसाब से फलों की संख्या कम होना था । हल्की कड़कयुक्त मृदा में उगाए गए पादपों का फल भार निम्नतम था तथा उसके पश्चात बालुई दुमटी मिट्टी का स्थान था।

प्रतिशत फल–रसों, कुल घुलनशीलठोस–पदार्थों (कुल फलनशील ठोस), कुल घुलनशील ठोस/अम्ल अनुपात में उल्लेखनीय अंतर देखे गए, जब उन्हें विभिन्न प्रकार के गड्ढा–भराव माध्यमों पर उगाया गया। जबकि फल ऊंचाई और व्यास, छिलके के मोटाई और छिलके के प्रतिशत, फल बीजचोल प्रतिशतता और रस की अम्लता ने गैर–उल्लेखनीय अंतर दर्शाए। रेतीली मृदा में उगे फलों में रस का प्रतिशत अधिकतम था जिसके बाद सौम्य बंजरीयुक्त मृदा और केवल मुरूम का स्थान था। यह प्रतिशत 30 सेंमी की गहराई तक भरी गई काली मृदा तथा काली मृदावाले अन्य उपचारों में कम था। तथापि, इन उपचारों से प्राप्त फलों का छिलका मोटा था। दुमटी मृदा में उगाए गए फलों में उच्चतम कुल घुलनशील ठोस मान दर्ज किया गया जिसके बाद सौम्य दुमटी मृदा का स्थान था तथा यह 30 सेंमी की गहराई तक भरी गई काली मृदा में निम्नतम था। इसी प्रकार, कुल घुलनशील ठोस/अम्लता अनुपात सौम्य बंजरी युक्त मृदा तथा दुमटी मृदा में उच्चतम था। सामान्यतः यह पाया गया कि सौम्य संरचना वाले मृदा उपचारों में बेहतर गुणवत्ता वाले फल उत्पन्न हुए।

3.2.1.2 विभिन्न रोपण प्रणालियों के अंतर्गत अनार का प्रदर्शन

विभिन्न गहराइयों और आकारों के अनपरत गढ्ढे विभिन्न,ऊंचाईयों की चौड़ी क्यारियों और उद्रेख प्रणालियाँ तथा विभिन्न आकारों के गढ्ढेा से मिलकर बनी विभिन्न रोपण प्रणालियों के अंतर्गत अनार के पादपों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया । क्यारियों के मध्य में 0.3–0.5 मी. की ऊंचाई थी तथा उठे हुए स्थान से 0.5 मी. की लंबाई पर दोनों तरफ समान ढ़ाल थी। पादपों का मूल्यांकन पर्ण पोषक अवयव, वानस्पतिक वृद्धि, रोग आपतन तथा फल पैदावार के संदर्भ में किया गया।

पत्तियों में पोषक अवयव

विभिन्न रोपण प्रणालियों के अंतर्गत नत्रजन,पोटाश,लौह,मैंग्नीज एवं जींक की मात्रा पर्ण अवयवों में उल्लेखनीय रूप से भिन्न थी तथा ये फास्फेट,मैंग्नेशियम और कापर अवयवों के मामले में गैर–महत्वपूर्ण पाई गईं। रोपण की क्यारी प्रणाली अधिकांश पोषकों के पर्ण अवयवों में वृद्धि करने के लिए बहुत प्रभावशाली पाई गई। बेहतर जल–निकासी तथा वातन के साथ सिमीत पर्याप्त जड़ गहराई ने जड़ों द्वारा अधिकांश पोषण तत्वों को ग्रहण करने के लिए अनुकूल परिस्थितयां उपलब्ध कराई। पर्ण पोषक अवयवों के आधार पर इस प्रणाली के पश्चात् अनवरत खण्ड प्रणाली का प्रयोग किया गया जहां दोनों आकारों के गड्ढों की तुलना में जड़ की गहराई काफी अधिक थी। इसके अलावा, इस प्रणाली के अंतर्गत लंबी अवधियों के लिए आर्द्रता की उपलब्धता के परिणामस्वरूप बेहतर जड़ विकास हुआ और इस प्रकार पोषकों के ग्रहण के लिए जड़ों द्वारा अधिक स्थान का उपयोग किया गया।

वानस्पतिक विकास मापदण्ड

ऊंचाई और फैलाव के संदर्भ में पादप वानस्पतिक विकास मापदण्डों को जनवरी 2013 के दौरान दर्ज किया गया था। विभिन्न रोपण परिस्थितियों के अंतर्गत पादप फैलाव में उल्लेखनीय विभिन्नताएं देखी गई । विभिन्न क्यारी आकारों के साथ क्यारी रोपण प्रणाली (0.60 मी. चौड़ाई × 0.60 मी गहरी × 0.30 मी भूमि से ऊपर) ने अन्य रोपण प्रणालियों की तुलना में उच्चतर वानस्पतिक विकास प्राप्त किया। इस प्रणाली ने 30 सेंमी मृदा गहराई में बेहतर जल–निकासी परिस्थितियां प्रदान की जहाँ अधिकतम जड़ क्रियाकलाप घटित हुए और इसके परिणामस्वरूप मृदा–जनित रोगों की न्यूनतम घटनाएं हुई। अन्य रोपण प्रणालियों में, विशेष रूप से अनवरत खण्डों में पादप विकास में उल्लेखनीय कमी थी जिसका मुख्य कारण मर रोग की घटनाएं थी ।

विभिन्न रोपण प्रणालियों के अंतर्गत उगाए अनार पौधों का वानस्पतिक विकास

उपचार	पौधे की ऊंचाई (मी.)	पौधे का विस्तार (मी.)		
		पूरब–पश्चिम	उत्तर–दक्षिण	औसत
1×1×1 मी.आकार का गढ्ढा	116.4	87.5	104.6	96.1
0.60×06.0×0.60 मी.आकार का गढ्ढा	132.5	127.5	116.3	121.9
1×1 मी.आकार की निरंतर ट्रैंच	131.3	80.0	77.5	78.8
0.60×0.60 मी.आकार की निरंतर ट्रैंच	116.9	116.9	113.1	115.0
0.60 मी.गहरी, 1.5 मी.ऊपरी चौड़ाई विषम चतुर्भुज ट्रैंच	136.3	107.5	108.8	108.1
0.60 मी.चौड़ी × 0.30 मी. गहरी × 0.30 मी.भूतल के ऊपर क्यारी प्रणाली	153.8	146.3	156.3	151.3
0.60 मी.चौड़ी × 0.60 मी.गहरी × 0.30 मी. भूतल के ऊपर क्यारी प्रणाली	165.6	171.9	165.0	168.4
सी, डी, पी, = .05	गैर सार्थक	40	50.1	43.6

रोगों की घटनाएं

रोग, विशेष रूप से मर की घटनाएं वर्ष 2012 के दौरान घटित हुई जो वर्षा ऋतु के दौरान बढ़ गई तथा वर्ष 2013 के दौरान अत्यधिक गंभीर हो गई। रोपण की क्यारी प्रणाली के अंतर्गत उगाए गए अधिकांश पादप स्वस्थ रहे (75.0 से 87.5 प्रतिशत) जबकि रोपण की अनवरत खाई प्रणाली के अंतर्गत सभी पादप रोगों द्वारा संक्रमित हो गए जिसके फलस्वरूप पादप मृत्यु–दर उच्चतम 50 प्रतिशत रही। शेष पादप भी मर रोग से गंभीर रूप से संक्रमित रहे। अनवरत खाई प्रणाली में वर्षा ऋतु के दौरान दीर्धकालिक आर्द्रता तुष्टि परिस्थिति की विद्यमानता ने रोगों के प्रसार और विकास के लिए अनुकूल पर्यावरण प्रदान कर दिया जिसके

परिणामस्वरूप पादपों की मृत्यु–दर उच्च पायी गई। समान भूखण्डों में, रोपण की क्यारी प्रणाली ने अधिकतम जड़ क्रियाकलाप रखने वाली मृदा की ऊपरी 30 से 50 सेंमी की सतह में बेहतर जल–निकासी और वातन प्रदान किया जिसने मर रोग के प्रसार को वांछित किया।

मृदा आर्द्रता अवयव

विभिन्न रोपण प्रणालियों के अंतर्गत मृदा आर्द्रता संचलन पैटर्न का अध्ययन करने के लिए वृक्षों के तलों को सिंचाई जल से भर दिया गया ताकि जल अवशोषण परिस्थितियों को उसी प्रकार उत्प्रेरित किया जा सके जैसे वे वर्षा के दौरान होती है। तीन मृदा गहराइयों में (0–15, 15–30 और 30–40 सेंमी) आद्रता 2 से 3 दिनों कें पश्चात ग्रेवीमैट्रीक पद्धति द्वारा मापा गया। परिणामों ने यह दर्शाया कि 0–15 सेंमी, मृदा परत में आर्द्रता अवयव विभिन्न ट्रेंच प्रणालियों में अधिक था क्यारी प्रणालियों में, यह पानी देने के 2 से 3 दिन के पश्चात् तेजी से कम हुआ तथा समूची वर्षा ऋतु के दौरान सतह परतों में बेहतर जल–निकासी परिस्थितियां सृजित रहीं। समान परिस्थितियां 15–30 सेंमी मृदा गहराई में भी विद्यमान थीं। परंतु 30–45 सेंमी मृदा गहराई में विभिन्न रोपण प्रणालियों के अंतर्गत मृदा आर्द्रता अवयव में अधिक अंतर नहीं देखा गया। समूची प्रेक्षण अवधि के दौरान मृदा आर्द्रता अवयव समस्त गहराइयों पर अनवत ट्रेंच प्रणाली के अंतर्गत उच्च थी जिसने शुष्क अवधि के दौरान भी विभिन्न आर्द्रता परिस्थितियां बनाए रखीं।

सिंचाई की सामान्य ड्रिप प्रणाली के अंतर्गत भी यही अध्ययन किया गया तथा तीन गहराइयों (0:15, 15–30 और 30–45 सेंमी) पर मृदा आर्द्रता अवयव को मापा गया था। निम्न मृदा गहराइयों पर उच्च आर्द्रता अवयव सतह परत की तुलना में सभी रोपण प्रणालियों में देखा गया । विभिन्न पादप प्रणालियों के अंतर्गत अधिक अंतर नहीं पाया गया।

विभिन्न रोपण प्रणालियों के अंतर्गत उगाए गए अनार पौधों में मर रोग का आपतन

उपचार	स्वस्थ पौधे (%)	अत्यधिक संक्रमित जीवित पौधे (%)	पौधों की नश्वरता (%)
1×1×1 मी.आकार का गढ्ढा	25.0	50.0	25.0
0.60×0.60×0.60 मी. आकार का गढ्ढा	12.5	62.5	25.0
1×1 मी.आकार की निरंतर ट्रेंच	0.0	50.0	50.0
0.60×0.60 मी.आकार की निरंतर ट्रेंच	37.5	50.0	12.5
0.60 मी.गहरी, 1.5 मी.टॉप विषम चतुर्भुज ट्रेंच	37.5	50.0	37.5
0.60×0.30×0.30 मी.भूतल के ऊपर क्यारी प्रणाली	87.5	0.0	12.5
0.60×0.60×0.30 मी.भूतल के ऊपर क्यारी प्रणाली	75.0	0.0	25.0

रोपण प्रणाली के विभिन्न उपचारों के अंतर्गत विभिन्न गहराई पर आवधिक (लगभग शुष्क स्थिति में भराव) मृदा आर्द्रता तत्व (%)

लम्बवत गहराई (सै.मी.)	टी–1	टी–2	टी–3	टी–4	टी–5	टी–6	टी–7
नमूने की तारीख 17.12.2012							
0–15	18.6	18.3	19.8	19.6	20.0	17.5	18.0
15–30	19.5	19.2	20.1	20.1	19.8	18.8	17.8
30–45	20.1	19.0	20.5	18.5	19.9	18.5	19.0
नमूने की तारीख 20.12.2012							
0–15	18.0	17.8	19.3	18.3	19.0	16.3	16.5
15–30	19.0	18.3	20.5	19.3	19.6	16.8	15.9
30–45	19.5	17.0	20.8	19.1	19.1	18.0	18.6
नमूने की तारीख 22.12.2012							
0–15	17.0	16.8	18.0	17.6	18.1	15.0	15.7
15–30	17.8	17.0	18.7	18.5	18.0	16.3	15.9
30–45	17.8	16.0	19.1	18.0	17.5	16.2	16.5
नमूने की तारीख 25.12.2012							
0–15	15.3	15.0	16.2	16.0	15.5	14.4	14.8

15–30	16.2	16.0	17.0	16.5	16.2	15.2	15.0
30–45	16.2	14.5	17.2	17.0	15.5	15.1	14.6
नमूने की तारीख 28.12.2012							
0–15	14.5	14.2	14.8	14.3	14.9	13.0	13.2
15–30	14.6	15.1	15.6	15.1	15.6	14.8	14.0
30–45	15.0	14.0	15.5	15.2	15.5	15.0	14.6
नमूने की तारीख 31.12.2012							
0–15	11.6	11.0	12.2	12.0	12.2	10.5	10.0
15–30	12.2	12.1	12.5	12.6	13.0	11.6	11.0
30–45	13.0	11.2	13.6	13.0	12.5	13.3	12.9
नमूने की तारीख 04.01.2012							
0–15	8.1	7.8	9.5	9.2	8.7	8.0	7.6
15–30	11.0	11.2	10.8	11.2	12.1	10.1	10.7
30–45	12.5	10.0	11.6	11.2	11.5	12.2	12.5

(15.12.2012 को प्रथम जलमय सिंचन)

टी–1– 1×1×1 मी. आकार का गढ्ढा, टी–2– 0.60×0.60 ×0.60 मी.आकार का गढ्ढा, टी–3– 1×1 मी.आकार की निरतंर ट्रेंच, टी–4–0.60×0.60 मी.आकार की निरतंर ट्रेंच टी–5– 0.60 मी.गहरा, 1.5 मी.टॉप चौड़ी विषम चतुर्भुज ट्रेंच, टी–6– 0.60 मी. चौड़ा 0.30 मी.गहरा 0.30 मी.भूतल के ऊपर क्यारी, टी–7– 0.60 मी.चौड़ी×0.60 मी. गहरी×0.30 मी.भूतल के ऊपर क्यारी प्रणाली

विभिन्न रोपण प्रणाली के अंतर्गत एकान्तर दिवस ड्रिप सिंचन प्रणाली में आवधिक मृदा आर्द्रता तत्व (%)

लम्बवत गहराई (सें.मी.)	टी–1	टी–2	टी–3	टी–4	टी–5	टी–6	टी–7
नमूने की तारीख 26.01.2013							
0–15	18.2	18.0	18.7	18.3	19.0	17.7	17.5
15–30	18.8	18.3	19.5	19.3	19.6	18.8	18.9
30–45	19.5	18.7	19.8	20.0	20.0	18.0	18.6
नमूने की तारीख 28.01.2013							
0–15	18.6	17.9	18.2	19.0	19.0	17.8	18.0
15–30	19.0	18.4	19.8	19.2	19.6	18.2	19.0
30–45	19.8	18.7	20.0	19.7	19.3	18.5	18.2
नमूने की तारीख 31.01.2013							
0–15	19.0	18.4	17.9	18.5	18.4	17.5	18.3
15–30	19.5	19.0	20.0	19.0	20.0	18.0	19.0
30–45	20.0	19.0	20.2	19.7	18.7	19.0	18.9
नमूने की तारीख 03.02.2013							
0–15	18.0	18.1	17.5	18.0	18.0	17.1	17.7
15–30	19.0	19.0	19.5	19.0	19.0	18.5	19.2
30–45	19.5	18.8	19.6	19.2	18.5	19.3	19.5

(प्रथम ठिंबक सिंचन 25.01.2012)

फल पैदावार

फसल पैदावार ऑकड़ों ने विभिन्न रोपण प्रणालियों के अंतर्गत अत्यंत उल्लेखनीय अंतर दर्शाए जो संभवतः पादप मृत्यु–दर तथा मर रोग के गंभीर संक्रमण के फलस्वरूप हो सकते हैं। प्रति पादप फलों की संख्या में भारी अंतर विद्यमान था जो प्रति पादप 16.

25 से 36.38 फल के बीच था तथा यह रोपण की क्यारी प्रणाली के अंतर्गत उगाए गए पादपों में सर्वाधिक था।रोपण की क्यारी प्रणाली के अंतर्गत विकसित पादप अच्छी प्रबलता सहित स्वस्थ थे जिससे उच्चतम उपज का उत्पादन हुआ। उसके बाद ट्रेंच प्रणाली का उत्पादन किया गया जिसमें रोग संक्रमण के बावजूद पादपों में बेहतर प्रबलता रही। फल वज़न में भी फल पादपों की समान प्रतिक्रिया थी।

रोपण की विभिन्न प्रणालियों द्वारा यथा प्रभावित अनार पौधों की फल उपज और गुणवत्ता

उपचार	फल/पौध की संख्या	कुल फल भार/पौध (कि.ग्रा.)	प्रत्येक फल का औसत भार	फल ऊचाई (एमएम)	फल व्यास (मी.मी.)
1×1×1 मी.आकार का गढ्ढा	18.13	4.310	241.3	65.2	67.0
0.60×0.60×0.60 मी.आकार का गढ्ढा	16.38	3.885	237.5	63.2	67.0
1×1 मी.आकार की निरतंर ट्रेंच	16.25	3.698	228.8	61.5	64.5
0.60×0.60 मी.आकार की निरतंर ट्रेंच	29.88	7.509	250.2	65.7	67.9
0.60 मी.गहरी, 1.5 मी.टॉप विषम चतुर्भुज ट्रेंच	24.55	6.261	252.0	66.2	68.5
भूतल के ऊपर 0.60× 0.30×0.30 मी.क्यारी प्रणाली	30.88	8.936	290.4	67.7	68.1
भूतल के ऊपर 0.60× 0.60×0.30 मी.क्यारी प्रणाली	36.38	9.373	257.5	63.8	66.9
सीडी (पी=0.05)	9.27*	2.54*	24.0*	गैरसार्थक	गैरसार्थक

फलोंकी गुणवत्ता

विभिन्न रोपण प्रणाली के अंतर्गत उगाए गए पादपों के फलों को जनवरी 2013 माह के दौरान तीन बार तोड़ा गया तथा विभिन्न गुणवत्ता मापदण्डों के लिए उनका विश्लेषण किया गया। लगभग सभी मापदण्डों ने उपचारों के दौरान रस की प्रतिशतता को छोड़कर गैर–सार्थक परिवर्तन दर्शाए।इस प्रणाली के अंतर्गत उगाए गए पादप बेहतर ठवन के साथ स्वस्थ थे जिसके परिणामस्वरूप उच्चतर पैदावार का उत्पादन हुआ क्यारी प्रणाली के अंतर्गत उगाए गए फलों में उच्चतम रस अवयव दर्ज किया गया तथा यह 60×60×60 सें.मी.^{3} के आकार गड्ढों में निम्नतम था। यह भी देखा गया कि रोपण कि क्यारी प्रणाली के अंतर्गत उगाए गए फल अच्छी गुणवत्ता वाले थे।

3.3 अनार में पोषण प्रबंध

3.3.1 अनार के विकास, पैदावार और गुणवत्ता पर पोषण के विभिन्न यौगिक स्रोतों की प्रतिक्रिया

फार्म की खाद, वर्मीकम्पोस्ट, कुक्कुट–खाद, तथा अन्य विभिन्न हरित खादों जैसे सन, ग्लिरीसीडिया, करंज और नीम की पत्तियों से निर्मित पोषणों के विभिन्न यौगिक स्रोतों के पादप में वृद्धि, फल पैदावार और गुणवत्ता के संदर्भ में अध्ययन किया गया था। अनुशंसित खुराकों पर गैर–यौगिक उर्वरकों के अनुप्रयोग ने नियंत्रण के साथ–साथ जांच का भी कार्य किया। पोषणों के यौगिक स्रोतों का नाइट्रोजन समतुल्य आधार पर अनुप्रयोग किया गया।

पत्तियों में पोषक अवयव

अक्तूबर 2010 में संग्रहित किए गए पत्तियों के नमूनों का विभिन्न गुरू और सूक्ष्म पोषक अवयवों के लिए विश्लेषण किया गया । नत्रजन,पोटाश,लोह,और जींक के पर्ण अवयवों में उल्लेखनीय अंतर देखे गए तथा यह फास्फेट, कॅल्शियम,मैंग्नेशियम, और कॉपर के मामले में गैर–उल्लेखनीय थे। अनशंसित खुराक पर गैर–यौगिक उर्वरक के अनुप्रयोग के साथ उच्चतम नत्रजअवयव दर्ज किए किए जिसके बाद सन की हरित उर्वरक का स्थान था। जबकि फार्म यार्ड उर्वरक अनुप्रयोग के साथ फास्फेट, कॅल्शियम,, और कॉपर के पर्ण अवयव उच्चतम थे, सन की हरित उर्वरक के, पोटाश,लौह, और झिंक के पर्ण अवयवों में वृद्धि करने में सर्वाधिक प्रभावी पाई गई।

विभिन्न उपचारों के अंतर्गत उपजित अनार पौधों की पत्तियों में पोषक तत्व

उपचार	नत्रजन	फास्फेट	पोटाश	कॅल्शियम	मैंग्नीशियम	लौह	मैंग्नीज	कॉपर	जींक
	(%)					(पीपीएम)			
टी–1	2.07	0.162	0.82	2.00	0.45	126.7	24.3	52.9	30.0
टी–2	2.05	0.149	0.73	1.56	0.50	117.2	19.7	41.1	25.6
टी–3	1.97	0.150	0.85	1.76	0.50	130.1	21.0	40.0	28.1
टी–4	2.08	0.128	0.97	1.82	0.48	141.9	25.4	35.1	35.6
टी–5	2.00	0.134	0.84	1.70	0.50	128.5	23.1	45.5	26.5
टी–6	2.05	0.132	0.88	1.82	0.50	123.9	23.0	34.9	25.7
टी–7	2.06	0.138	0.87	1.97	0.51	127.1	21.5	42.3	27.5
टी–8	2.24	0.159	0.94	2.00	0.48	117.1	23.5	41.0	27.3
टी–9	1.77	0.125	0.76	1.82	0.46	113.3	20.8	40.2	26.0

T_1 सड़ी हुई गोबर की खाद, T_2–वर्मीकम्पोस्ट, T_3–पोल्ट्री खाद, T_4–इन सिटु सनहैम्प हरित खाद, T_5–*एक्स सिटु* ग्लिरीसीडिया हरित खाद, T_6, *एक्स सिटु* करंज हरित खाद, T_7–*एक्स सिटु* नीम पत्ती हरित खाद, T_8–अकार्बनिक उर्वरक, T_9–नियंत्रण

क्लोरोफिल अवयव

पोषकों के विभिन्न यौगिक स्रोतों के अनुप्रयोग के साथ पत्तियों के क्लोरोफिल अवयव में उल्लेखनीय अंतर देखे गए। अनुशंसित खुराक पर गैर–यौगिक उर्वरक अनुप्रयोग के साथ उच्चतम एसपीएडी मान दर्ज किए गए जबकि नियंत्रण भूखण्डों में ये निम्नतम थे। पोषकों के यौगिक स्रोतों में, सन और फार्मयार्ड खाद के साथ यथास्थाने हरित उर्वरक और वर्मीकम्पोस्ट के माध्यम से पोषक–तत्व प्राप्त करने वाले पादपों में उच्चतम क्लोरिफिल अवयव दर्ज किया।

वानस्पतिक विकास मापदण्ड

पोषकों के विभिन्न यौगिक स्रोतों के साथ पादप ऊँचाई, उत्तर–दक्षिण फैलाव और औसत फैलावमें उल्लेखनीय अंतर दर्ज किया गया। पादप ऊँचाई तथा उत्तर–दक्षिणफैलाव उस समय उच्चतम था जब पादपों को वर्मीकंम्पोस्ट के माध्यम से पोषकों की आपूर्ति की गई जबकि फार्मयार्ड खाद अनुप्रयोग के साथ औसत फैलाव उच्चतम था। चार वर्षों बाद यौगिक उपचार पादप की लंबाई बढ़ाने में गैर–यौगिक उर्वरक अनुप्रयोगों की तुलना में उत्कृष्ट पाए गए।

फल पैदावार

फल पैदावार आंकड़ों ने पोषकों के विभिन्न यौगिक स्रोतों के मध्य अत्यंत उल्लेखनीय अंतर दर्शाया। प्रति पादप फलों की संख्या में उच्च विविधता थी जो 13.0 से 29.7 फल प्रति पादप के बीच थी और यह उन पादपों में उच्चतम थी जहां पोषक तत्व कुक्कुट खाद के माध्यम से आपूर्ति कराए गए थे जिसके बाद फार्मयार्ड खाद का स्थान था। इसने यह दर्शाया कि कुक्कुट खाद अनुप्रयोग से अनार में पुष्पण और फल–निर्माण लाभप्रद रूप से प्रभावित होते हैं। हालांकि, पादप वृद्धि और पर्ण पोषण अवयव गैर–यौगिक उर्वरक अनुप्रयोग तथा सन की हरित खाद के साथ उच्च थे, यह बात फल पैदावार में प्रतिबिंबित नहीं हुई। गैर यौगिक उर्वरकों की आपूर्ति किए गए पादपों में वैयक्तिक फल का भार उच्चतम था जबकि कुक्कुट खाद के अनुप्रयोग के साथ यह निम्नतम था। फल की लंबाई और व्यास ने गैर–उल्लेखनीय अंतर दर्शाए।

जैविक खाद के विभिन्न उपचारों यथाप्रभावित अनार पौधों का वानस्पतिक विकास

उपचार	पौधे की ऊंचाई	पौधे का विस्तार (पूर्व–पश्चिम)	पौधे का विस्तार (उत्तर–दक्षिण)	पौधे का विस्तार (औसत)
फार्मयार्ड खाद	133.6	130.8	125.0	127.9
वर्मी कम्पोस्ट	140.0	123.3	128.8	126.1
पोल्ट्री खाद	125.0	121.7	120.6	121.1
सनहैम्प हरित घास इन सिटु	127.3	122.8	123.6	123.2
ग्लिरीसीडिया हरित घास एक्स सिटु	126.7	116.7	121.7	119.2
करंज हरित घास एक्स सिटु	124.2	119.4	113.9	116.7
नीम पत्ती हरित घास एक्स सिटु	125.6	124.4	117.8	121.1
अकार्बनिक उर्वरक	129.0	126.7	121.1	123.9
नियत्रंण	115.8	108.3	105.0	106.7
सीडी (पी=0.05)	11.3	एनएस	12.4	9.25*

जैविक खाद के विभिन्न उपचारों द्वारा यथाप्रभावित फल उपज

उपचार	फल/पौधों की संख्या	फल पौधों का भार (कि.ग्रा.)	प्रत्येक फल का औसत भार (ग्रा.)	फल की लंबाई (मि.मी.)	फल का व्यास (मि.मी.)
फार्मयार्ड खाद	26.3	3.857	146.8	59.6	64.6
वर्मी कम्पोस्ट	15.0	2.176	145.0	63.5	67.0
पोल्ट्री खाद	29.7	3.958	133.8	62.7	65.5
सनहैम्प हरित घास इन सिटु	19.7	2.972	150.9	62.3	66.8
ग्लिरीसीडिया हरित घास एक्स सिटु	15.3	2.380	155.1	62.4	66.0
करंज हरित घास एक्स सिटु	14.7	2.028	137.7	60.4	65.3
नीम पत्ती हरित घास एक्स सिटु	17.7	2.754	155.9	63.7	68.4
अकार्बनिक उर्वरक	18.3	3.153	172.0	66.6	71.4
नियत्रंण	13.0	1.878	144.1	62.8	68.2
सीडी (पी=0.05)	5.49*	0.839*	11.04*	एनएस	एनएस

फल की गुणवत्ता

छिलके की मोटाई के अलावा, पोषक–तत्वों के विभिन्न यौगिक स्रोतों के साथ किए गए अध्ययन के अंतर्गत अन्य सभी फल गुणवत्ता मापदण्डों में उल्लेखनीय अंतर देखे गए। नियंत्रित भूखण्डों के अंतर्गत निम्नतम छिलके के अवयव के साथ फल बीजचोलों की उच्चतम प्रतिशतता दर्ज की गई। सन की हरीत खाद के अंतर्गत उगाए गए फलों में रस का प्रतिशत उच्च था जो कुक्कुट खाद के अनुप्रयोग के माध्यम से प्राप्त किए गए प्रतिशत के समतुल्य था। कृमिखाद अनुप्रयोग के साथ फल रस की अम्लता के निम्नतम मान तथा उच्चतम कुल घुलनशील ठोस/एसिड अनुपात पाया गया। यौगिक खाद के अनुप्रयोग के साथ उत्पादित फलों की गैर–यौगिक उर्वरकों की तुलना में बेहतर गुणवत्ता थी।

यौगिक खाद के विभिन्न उपचारों द्वारा प्रभावित फल और रस गुणवत्ता मापदण्ड

उपचार	छिलके की मोटाई	छिलका फल (प्रतिशत)	फल की जचोल (प्रतिशत)	फल का रस (प्रतिशत)	फल अम्लता (प्रतिशत)	टीएसएस (ब्रिक्स)	टीएसएस अम्लता अनुपात
फार्मयार्ड खाद	2.54	39.9	60.1	41.5	0.43	15.1	35.0
कृमि–खाद	2.51	39.4	60.6	40.8	0.37	15.1	40.6
कुक्कुट खाद	2.50	37.1	62.9	43.8	0.41	15.5	38.3
यथा स्थाने सन हरित खाद	2.37	36.4	63.6	44.0	0.44	15.8	36.2
यथास्थाने ग्लिरीसीडिया हरित खाद	2.43	36.9	63.1	43.3	0.42	15.3	36.6
यथा स्थाने करंज हरित खाद	2.60	41.5	58.5	41.3	0.45	15.2	33.6
यथास्थाने नीम की पत्तियों की हरित खाद	2.59	38.2	61.8	43.7	0.46	15.4	33.5
गैर–यौगिक उर्वरक	2.63	38.3	61.7	43.0	0.42	14.6	35.2
नियंत्रण	2.35	35.4	64.7	43.6	0.39	14.8	38.2
सीडी (पी= 0.05)	एनएस	2.57*	2.57*	1.58*	0.04	0.65	3.93

3.3.2 अनार के अनवरत विकास, पैदावार और गुणवत्ता के लिए सूक्ष्म–पोषण प्रबंधन

3.3.2.1 अनार की पत्तियों और फलों में पोषक–तत्वों की मौसमीयता

फल विकास

अनार के फल का ताजा और शुष्क भार संचयन पूर्ण पुष्पण के चौथे पखवाड़े तक कम था जब फल के अंतिम भार के मुकाबले क्रमशः 12.29 प्रतिशत और 17.48 प्रतिशत थे। इस अवधि के बाद से ताजे और शुष्क भार में अधिक स्पष्ट वृद्धि आरंभ हुई और नौवें पखवाड़े में, ताजे और शुल्क भार ने अंतिम रूप से तोड़े जाने योग्य फल भार का 71.62 और 80.85 प्रतिशत प्राप्त कर लिया। नौवें पखवाड़े के बाद से फल का ताजा और शुष्क भार संचयन अत्यधिक कम था तथा फल ने उसे तोड़े जाने तक पूर्ण स्वरूप प्राप्त किया।

पत्तियों और फल में प्राथमिक पोषक संकेन्द्रण

पत्तियों में नाइट्रोजन (एन) संकेद्रण की मौसमीयता ने फासफोरस (पी) और पोटाशियम (के) की तुलना में भिन्न प्रवृत्ति दर्शाई। गैर–फल वाली शाखाओं की पत्तियों में एन का संकेन्द्रण पूर्ण विकास के पश्चात् 45 दिन तक बढ़ा, उसके पश्चात् फलों के विकास की शेष अवधि में इसमें धीरे–धीरे कमी हुई। जबकि फल विकास की पहली अवस्था (अर्थात् पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 75 दिनों तक) के दौरान फल वाली प्रशाखाओं की पत्तियों में इसका संकेन्द्रण थोड़ा सा कम हुआ और फल विकास अवधि की दूसरी अवस्था में इसके संकेद्रण में धीरे–धीरे वृद्धि हुई, इसने पूर्ण विकास के 105 दिन पर शीर्ष स्थिति हासिल कर ली और उसके पश्चात फल की परिपक्वता पर इसमें धीरे–धीरे कमी आई। जैसाकि पहली अवस्था में था, फल का विकास धीमा था, तथा पत्तियों में से एन की केवल एक छोटी मात्रा ही फल (विकासशील फल) में पुनर्वितरित हो पाई, जिसके फलस्वरूप इस अवस्था के दौरान एन संकेद्रण में हल्की सी गिरावट आई। तथापि, दूसरी अवस्था में, फल का विकास अत्यधिक तेज था। फलदार और गैर–फलदार, दोनों ही प्रशाखाओं से एन का फलों तक पुनर्वितरण (पादप के अंदर एन अत्यंत गतिशील होता है) हुआ, जिसके परिणामस्वरूप पत्तियों में एन के संकेंद्रण में फल विकास और वृद्धि की इस समूची अवधि के दौरान गिरावट आई।पत्तियों में फासफोरस (पी) संकेंद्रण फल के समूचे विकास चक्र के दौरान धीरे–धीरे कम हुआ। फलदार और बिना–फलवाली प्रशाखाओं की पत्तियों में पी के संकेंद्रण में कोई उललेखनीय अंतर नहीं था। फल में पी के संकेंद्रण में परिवर्तनों के पैटर्न भी एन के समान थे परंतु यहां पर फल के विकास की प्रथम अवस्था में तेजी से गिरावट आई जो संभवतः कोशिका विभाजन में इसके शामिल होने की वजह से आई थी जो इस अवधि के दौरान घटित हुआ था। इसके पश्चात् इसका संकेंद्रण फल के विकास के दौरान कुल मिलाकर स्थिर ही रहा।

पहले पखवाड़े के दौरान पत्तियों में पोटाशियम संकेंद्रण में प्रारंभ में वृद्धि हुई और इसके पश्चात् पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 45 दिन पर इसमें तेजी से गिरावट हुई और पुनः पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 105 दिनों तक इसके संकेंद्रण का निर्माण हुआ और तत्पश्चात् परिपक्वता के समय तक इसके संकेंद्रण में कमी आई। कुल मिलाकर, पत्तियों में पोटाशियम संकेंद्रण ने पादप के अन्य अंगों (फल निर्माण) को वितरण किए जाने फलस्वरूप फल के विकास चक्र के समूची अवधि के दौरान एक गिरावट भरी प्रवृत्ति दशाई। चूंकि उत्पादकों ने फल की गुणवत्ता में वृद्धि करने के लिए फल विकास की दूसरी अवस्था के दौरान सूची अवधि में के

का प्रयोग किया, इसके फलस्वरूप संभवतः पत्तियों में के संकेंद्रण में वृद्धि हुई। इसके अलावा यह देखा गया कि फला विकास चक्र की अधिकांश अवधि के दौरान गैर–फल वाली प्रशाखाओं की पत्तियों में के का संकेंद्रण फलदार प्रशाखाओं की तुलना में अधिक उच्च था। पी और एन की ही भांति, फल में पोटाशियम के संकेंद्रण ने भी फल के विकास की समूची अवधि के दौरान गिरावट वाली प्रवृत्ति दर्शाई जिसमें पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 45 और 90 दिन पर तेजी से गिरावट आई, जिसे तनूकरण प्रभाव के रूप में वर्णित किया जा सकता है। फल उतराई के समय फल में प्राथमिक पोषकों के संकेंद्रण का सापेक्षी क्रम के >एन > पी था। और यह अनुमान लगाया गया था कि एक फल की उतराई के साथ 625.31 मि.ग्रा के, 465.97 मि.ग्रा ऩत्रजन और 57.25 मि. ग्रा फास्फेट को निकाला गया।

गौण पोषक संकेन्द्रण

गौण–पोषक–तत्वों के बीच (सीए, एमजी और एस), पत्तियों में कैल्शियम (सीए) और मैगनीशियम (एमजी) संकेन्द्रण ने फल के विकास चक्र के दौरान विकास की प्रवृत्ति दर्शाई। गैर–फलदार प्रशाखाओं और फलदार प्रशाखाओं की पत्तियों में सीए संकेन्द्रण में कोई उल्लेखनीय अंतर नहीं था। तथापि, गैर–फलदार प्रशाखाओं की पत्तियों में एमजी संकेन्द्रण फल विकास की बाद की अवस्था के दौरान (अर्थात् पूर्ण पुष्पण के 90 दिन के पश्चात्) फलदार प्रशाखाओं की तुलना में अधिक था। फल विकास तथा विकास अवस्थाओं सें पत्तियों में सीए संकेन्द्रण में वृद्धि को पादप उत्तक में सीए की सीमित गतिशीलता द्वारा वर्णित किया जा सकता है, अतः फल विकास अवधि के दौरान पादप के अन्य भागों में अत्यंत कम पुनर्वितरण हो सका। फल में, फल के विकास की पहली अवस्था में सीए संकेन्द्रण में वृद्धि हुई और इसके पश्चात् दूसरी और पश्चातवर्ती अवस्थाओं में इसके संकेन्द्रण में तेजी से गिरावट आई। चूंकि प्रथम अवस्था में फल का विकास अत्यंत अल्प था, इस अवस्था में सीए के संचयन के परिणामस्वरूप इसके संकेन्द्रण द्रव में वृद्धि हुई तथा फल विकास की बाद की अवस्था में फल में सीए संचयन की गिरती हुई प्रवृत्ति का कारण फिलोएम में सीए की निम्न गतिशीलता को बताया जा सकता है, हालांकि पत्तियों में संकेन्द्रण फल के विकास चक्र के दौरान निरंतर बढ़ता ही गया। तथापि, फल की समूची विकास अवधि के दौरान फल में एमजी के संकेन्द्रण में निरंतर वृद्धि होती रही। फल विकास अवधि के बाद के भाग के दौरान पत्ती और फल में एमजी संकेन्द्रण में यह वृद्धि संभवतः के संकेन्द्रण के कम होने के कारण हुई होगी, अतः पादप में और पादप के अन्य अंगों के लिए इसके पुनर्वितरण के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।

फल विकास की दूसरी अवस्था तक (अर्थात पूर्ण पुष्पण के पश्चात 120 दिन तक) पत्तियों में सल्फर संकेन्द्रण में धीरे–धीरे कमी आई तथा उसके पश्चात् इसमें फल की परिपक्वता तक वृद्धि हुई। फल के विकास की अवधि के दौरान, गैर–फलदार प्रशाखाओं की पत्तियों में सल्फर का संकेन्द्रण फलदार प्रशाखाओं की तुलना में अधिकांश समय अधिक था। फल में, फल के विकास की प्रथम अवस्था में लगभग स्थिर रहे परंतु फल विकास की दूसरी अवस्था में इसमें तेजी से गिरावट आई। और इसके पश्चात्, फल विकास अवधि की तीसरी अवस्था में इसका संकेन्द्रण लगभग स्थिर रहा। पत्तियों में सल्फर संकेन्द्रण के गिरती हुई प्रवृत्ति ने प्रमुख भाग फल और पादप के अन्य भागों तक इसके पुनर्वितरण को दर्शाया। चूंकि फल का प्रमुख रूप से विकास पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 75–135 दिन के दौरान हुआ था साथ साथ ही विकास प्रक्रिया में सल्फर की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है जिसके परिणामस्वरूप फल में पोषकों का तनूकरण होता है, अतः इसके संकेन्द्रण में तेजी से कमी आई। गैर–फलदार प्रशाखाओं की तुलना में फलदार प्रशाखाओं की पत्तियों में के और एस के संकेन्द्रण ने यह दर्शाया कि फलदार प्रशाखाओं में उन पोषकों की प्रमुख मात्रा फल निर्माण और विकास के दौरान उपभोग कर ली गई। फल को तोड़े जाने के समय, फल में गौण पोषक–तत्वों के संकेन्द्रण का सापेक्षी क्रय सीए > एमजी > एस था। यह भी देखा गया कि पत्तियों में सीए संकेन्द्रण फल की समूची वृद्धि के दौरान फल की तुलना में पत्तियों में कहीं अधिक था जिसका कारण पत्तियों की तुलना में फल के जीवाणु चित्ती रोग संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशीलता हो सकता है क्योंकि सीए पादप कोशिका की दीवार का एक प्रमुख संघटक होता है जो रोगाणु संक्रमण के प्रति प्रमुख रक्षा कवच उपलब्ध कराता है।

फल में प्राथमिक और गौण पोषक संचयन

फल में उपस्थित पोषक–संघटकों की मात्रा का आकलन शुष्क भार पैदावार द्वारा अवयव संकेन्द्रण के उत्पाद के रूप में किया गया था। फल में समय और पोषक संचयन के बीच संबंध प्रत्येक चित्र में दर्शाए गए प्रतिगमन समीकरणों के अनुरूप उपयुक्त था। प्रत्येक पोषक के लिए क्रमिक पैदावार के समय संचयित मात्रा में समूचे मौसम के दौरान वृद्धि होती रही। एन,पी,के और सीए के लिए पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 135 दिन के बाद वृद्धि के परिमाण में कमी आई जबकि एमजी का संचयन समूची विकास अवधि के दौरान समान गति से जारी रहा। फल में एस का संचयन पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 105 दिन तक अत्यधिक तीव्र था जबकि पी और के का प्रमुख संचयन पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 75 और 135 दिन के बीच हुआ। मौसम के दौरान, फल विकास की आरंभिक अवस्था के दौरान पोषण का पर्याप्त संचयन हुआ तथा यह अधिकांश प्राथमिक पोषकों के लिए पैदावार तक जारी रहा। सीए, एन, पी और के सहित अनेक अवयवों के लिए पूर्ण पुष्पण के पश्चात् शुष्क पदार्थ में अवयव संचयन तथा समयावधि के बीच बेहतर रेखीय संबंध था। यह सामान्यतः फ्लोएम के माध्यम से पोषण आपूर्ति के संकेत को दर्शाता है। फल विकास और वृद्धि की आरंभिक अवस्थाओं के दौरान फल द्वारा सीए आवश्यकता की पर्याप्त मात्रा ली जा सकती है जब झाइलेम द्वारा आपूर्ति के प्रधान

होने की संभावना होती है। फल विकास की प्रारंभिक अवस्था के दौरान पर्याप्त संचयन इसे एक ऐसी अवधि दर्शाता है, जब पादप के लिए पोषकों, विशेष रूप से सीए की पर्याप्त आपूर्ति निर्णायक होती है तथा जब फल का सीए पोषक काफी आसानी के साथ उन विशेषताओं को प्रभावित कर सकता है जहां फल की गुणवत्ता मौसम की बाद की अवधि में सीए के असंतुलन के कारण प्रभावित होती है।

सूक्ष्मपोषक संकेन्द्रण

पत्तियों में सूक्ष्मपोषक कैटायनों (लौह–सफाई जींक–जैडएन कापर–सीयू) की मौसमीय प्रवृत्ति एक–दूसरे से काफी भिन्न थी। अनार की पत्तियों में आयरन (एफई) संकेन्द्रण पूर्ण पुष्पण पर अधिकतम से पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 45 दिन पर नयूनतम तक गिर गया और इसके पश्चात् यह कतिपय उतार–चढ़ावों के साथ स्थिर रहा। फलदार प्रशाखाओं की पत्तियों में इसका संकेन्द्रण पूर्ण पुष्पण पर तथा परिपक्वता अर्थात् पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 165 और 180 दिन के दौरान गैर–फलदार प्रशाखाओं की तुलना में उल्लेखनीय रूप से उच्च था। फल में, एफई का संकेन्द्रण पूर्ण पुष्पण पर अधिकतम से फल पैदावार पर न्यूनतम तक गिर गया। इसके विपरीत, पत्तियों में मैंगनीज (एमएन) के संकेन्द्रण फल विकास अवधि के दौरान वृद्धि हुई तथा अधिकांश समय फलदार प्रशाखाओं की पत्तियों में एमएन का संकेन्द्रण गैर–फलदार प्रशाखाओं की तुलना में उच्च रहा। परंतु फल में, एमएन के संकेन्द्रण में फल विकास की आरंभिक अवधि के दौरान अर्थात् पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 30 दिन पर तेजी से गिरावट आई तथा इसके बाद फल की पैदावार पर इसमें धीरे–धीरे अत्यधिक गिरावट हुई।

गैर–फलदार प्रशाखाओं की पत्तियों में जिंक संकेन्द्रण में पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 45 दिन पर अधिक तेजी के साथ गिरावट आई और इसके पश्चात् इसमें फल की पैदावार पर नियमित रूप से न्यूनतम तक कमी आई परंतु फलदार प्रशाखओं में इसके संकेन्द्रण में प्रारंभ में कमी आई और पूर्ण पुष्पण के बाद 90 दिन तक इसमें अधिकतम तक वृद्धि हुई तथा इसके बाद फल की परिपक्वता की ओर इसमें धीरे–धीरे गिरावट आई। तथापि, फलदार प्रशाखाओं में इसका संकेन्द्रण पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 60 दिन से लेकर फल की परिपक्वता तक गैर–फलदार प्रशाखाओं की तुलना में उल्लेखनीय रूप से उच्च था। एमएन की ही भांति, फल में जैडएन संकेन्द्रण भी प्रारंभिक विकास अवधि के दौरान नीचे गिरा तथा इसके पश्चात् फल विकास की पश्चातवर्ती अवधि के दौरान इसमें धीमी गिरावट हुई।

दूसरे सूक्ष्म पोषक कैटाइनों के विपरीत, पत्तियों में कॉपर संकेन्द्रण में प्रारंभ में वृद्धि हुई और फिर गिरावट आई तथा पुनः फल की परिपक्वता के दौरान इसमें वृद्धि हुई। गैर–फलदार प्रशाखाओं की पत्तियों में कॉपर संकेन्द्रण प्रारंभिक विकास अवधि अर्थात् पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 45 और 75 दिन पर फलदार प्रशाखाओं की तूलना में उच्च था जबकि फलदार प्रशाखाओं की पत्तियों में फल के विकास की बाद की अवधि में (अर्थात् पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 105, 120, 165 और 180 दिन) गैर–फलदार प्रशाखाओं की तुलना में सीए का संकेन्द्रण अधिक था। अन्य सूक्ष्म–पोषण कैटायनों की ही भांति, फल में सीए संकेन्द्रण पूर्ण पुष्पण पर प्रारंभ में अत्यधिक तेजी से बढ़ा और पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 105 दिन पर न्यूनतम हो गया और इसके पश्चात् इसका संकेन्द्रण फल में तेजी से हुए विकास के साथ–साथ फल में पोषणों के संचयन की तुलना में स्थिर हो गया।

पत्तियों में बोरोन (बी) संकेन्द्रण प्रारंभ में अधिकतम तक बढ़ा, जिसके बाद यह पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 75 दिन पर न्यूनतम तक गिर गया और तब यह फल के विकास की बाद वाली अवधि के दौरान स्थिर हो गया। पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 45 दिन की स्थिति को छोड़कर फलदार प्रशाखाओं और गैर–फलदार प्रशाखाओं की पत्तियों में बी संकेन्द्रण में अधिक उल्लेखनीय अंतर नहीं था। अन्य सुक्ष्म पोषकों की ही भांति, फलों में बी संकेन्द्रण में फल की संपूर्ण विकास अवधि के दौरान पूर्ण पुष्पण में अधिकतम से धीरे–धीरे गिरावट आई। फसल उतराई तक, फलों में उच्चतम संकेन्द्रण पर उपस्थितः सूक्ष्म–पोषक लौह (130.93 मिग्रा किग्रा$^{-1}$), थे जिसके पश्चात् क्रमशः मॅगनीज (32.87 मिग्रा किग्रा$^{-1}$) बोरस (24.7 मिग्रा. किग्रा$^{-1}$) जाक (17.47 मिग्रा किग्रा$^{-1}$) और कॉपर (3.17 मिग्रा किग्रा$^{-1}$) का स्थान था।

पादप विकास अवधि की पहली और दूसरी अवस्था के दौरान पत्तियों में लौह और जींक संकेन्द्रण में गिरावट का श्रेय पोषक तत्वों के पादप के अन्य अंगों, विशेष रूप से फलों को पुनर्वितरण को दिया जा सकता है जोकि विकास की सक्रिय अवस्था पर होते हैं। चूंकि प्रारंभिक विकास अवधि के दौरान, फल का विकास अत्यंत धीमा था, पत्तियों में बी संकेन्द्रण पूर्ण फल का विकास अत्यंत धीमा था, पत्तियों में बी संकेन्द्रण पूर्ण पुष्पण के पश्चात् 45 दिन पर न्यूनतम तक विद्यमान था और इसके पश्चात् इसका संकेन्द्रण फलों में तथा पादप के अन्य अंगों में बी के पुनर्वितरण के कारण और भी गिर गया जो उस समय त्वरिक्त विकास की अवस्था में थे। फल विकास अवधि के दौरान पत्तियों में देखी गई एमएन और सीयू की विविधता संभवतः कीटों और रोगों के नियंत्रण के लिए फलोधानों में छिड़काव किए जाने वाले रसायनों के कारण पत्ती के संदूषण के कारण हो सकती है। हालांकि इस प्रदूषण ने अनार की पत्तियों में इन सूक्ष्मपोषक संकेन्द्रणों की प्रवृत्ति की स्पष्ट परिभाषा को वाछित किया है, इस बात पर विचार किया जा सकता है कि यह फसल प्रबंध प्रक्रियाओं के कार्य के रूप में अनार के फलोद्यानों में बार–बार घटने वाली एक सामान्य घटना है। सामान्य तौर पर, फल में सूक्ष्म पोषकों का संकेन्द्रण फल के विकास की समूची अवधि–के दौरान तनूकरण प्रभाव के कारण निरंतर कम होता रहा चूंकि फल का विकास पोषकों की संचयन दर की तुलना में कहीं तीव्र था।

सूक्ष्मपोषक संचयन

फल के भीतर समस्त सूक्ष्मपोषकों के संचयन में फल की वृद्धि और विकास के दौरान भी वृद्धि होती है शुष्क वनज पैदावार तथा फल में संचयित सूक्ष्म पोषकों की मात्रा के बीच अत्यधिक बेहतर रेखीय सहसंबंध होते हैं। देखे गए पैटर्न ने फल पोषक संचयन के लिए तीन विभिन्न अवस्थाओं को सुझाया है: (क) पूर्ण पुष्पण के पश्चात् चार पखवाड़ों में फल के विकास के साथ पोषक संकेन्द्रणों में तेजी से गिरावट आई थी, (ख) पूर्ण पुष्पण के पश्चात् चौथे से नौवें पखवाड़े तक फल में पोषक संकेन्द्रण की धीमी और अनवरत कमी देखी गई; (ग) पूर्ण पुष्पण के पश्चात् नौंवे पखवाड़े से फल की परिपक्वता की समाप्ति तक पोषक संकेन्द्रण लगभग स्थिर बने रहे। प्रथम चरण कोशकीय विभाजन के दौरान उत्पन्न हुआ जबकि अन्य चरण कोशकीय विस्तार से संबंधित हैं। इसे रासायनिक तनुकरण का प्रभाव भी कहा जाता है; अर्थात् फल के शुष्क पदार्थ में वृद्धि के परिणाम स्वरूप पोषक संकेन्द्रणों की कमी।

प्रेक्षणों से यह प्रतीत होता है कि फल की वृद्धि और विकास के लिए प्रारंभिक अवधि में खनिज पोषकों के लिए भारी मांग विद्यमान है। फल में सर्वाधिक संचयित होने वाला पोषक–तत्व पोटाशियम है जिसके बाद एन और पी का स्थान है। अनार के फल में विकास की प्रारंभिक अवस्था में अधिकांश वृद्ध और सूक्ष्म पोषकों का उच्च संकेन्द्रण यह दर्शाता है कि अनार की खनिज पोषकों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए अनार के विकास और फल के बचने से पूर्व वृद्ध और सूक्ष्म पोषक–तत्वों के एक श्रेष्ठ संतुलन को अनुपूरित करना अत्यधिक आवश्यक है।

3.4 अनार में जल प्रबंधन

3.4.1 ड्रिपरों कि विविध संख्या का प्रयोग करते हुए अनार फलोद्यान में सिंचाई

दिसम्बर 2011 से विभिन्न उपचार संचालिए किए गए हैं। सिंचाई जल की कुछ मात्रा, जो 80 प्रतिशत पैन–वाष्पीकरण के समतुल्य थी, ड्रिपरों की विविध संख्या के माध्यम से एक दिन को छोड़कर दूसरे दिन प्रयोग में लाई गई थी।

अवधि–के दौरान प्रयुक्त जल

प्रयोगात्मक अवधि के दौरान सभी उपचारों में सिंचाई जल की समान मात्रा का प्रयोग किया गया था। मई माह के दौरान जल की उच्चतम मात्रा का प्रयोग किया गया। जबकि दिसम्बर माह में यह मात्रा निम्नतम थी। मार्च और अप्रैल में यह कुल मिलाकर समान थी। चूंकि जून माह के दौरान कुछ बारिश भी हुई, इसने सिंचाई के माध्यम से जल की आवश्यकता में कमी की।

वानस्पतिक विकास प्रदर्शन

सौम्य संरचना वाली मृदा में, ड्रिपरों की विविध संख्या के साथ ई–डब्ल्यू में तथा पादप के औसत फैलाव में उल्लेखनीय अंतर देखा गया। उपचार में वहां ई–डब्ल्यू फैलाव में उच्चतम वृद्धि प्राप्त की गई जहां पादप को घेरते हुए छल्ले के रूप में इनलाइन ड्रिपर्स लैटरल के माध्यम से सिंचाई का प्रयोग किया गया था जबकि पादप के दोनों ओर रखे गए दो लैटरलों पर स्थिर 6 डिपरों (2 एलपीएच) के साथ औसत छिड़काव में उच्चतम वृद्धि को दर्ज किया गया था।

ड्रिपरों की विविध संख्या के माध्यम से अनुप्रयुक्त जल की मात्रा

माह	सभी उपचारों के अंतर्गत प्रयुक्त जल (लीटर / पादप)	
	प्रतिमाह	प्रतिदिन
दिसम्बर 11	116.5	3.76
जनवरी 12	144.3	4.66
फरवरी 12	176.9	6.10
मार्च 12	240.5	7.76
अप्रैल 12	240.9	8.03
मई 12	278.0	8.97
जून 12	210.8	7.03
कुल	1407.8	

भारी संरचना की मृदा में सिंचाई पादप के दोनों ओर स्थित दो लैटरलों पर स्थिर 6 ड्रिपरों (2 ली / घनता) के माध्यम से प्रयुक्त की गई तथा इसके परिणामस्वरूप बेहतर वानस्पतिक विकास प्रदर्शन प्राप्त किया गया।

सौम्य संरचना वाली मृदा के अंतर्गत ड्रिपरों की विविध संख्या द्वारा प्रभावितअनार के पादप का वानस्पतिक विकास प्रदर्शन

निम्न के माध्यम से उपचार सिंचाई	पादप की ऊंचाई (सेंमी)			ई–डब्ल्यू दिशा में पादप फैलाव (सेंमी)			एन–एस दिशा में पादप फैलाव (सेंमी)			औसत पादप फैलाव (सेंमी)		
	प्रारंभिक	अंतिम	प्रतिशत वृद्धि	प्रारंभिक	अंतिम	प्रतिशत वृद्धि	प्रारंभिक	अंतिम	प्रतिशत वृद्धि	प्रारंभिक	अंतिम	प्रतिशत वृद्धि
2 ड्रिपर	110.1	127.3	15.7	111.3	127.1	14.6	101.5	115.8	14.2	106.4	121.4	14.3
3 ड्रिपर	109.8	126.3	15.6	100.5	118.1	18.5	95.1	112.5	18.6	97.8	115.3	18.3
4 ड्रिपर	114.1	133.1	16.8	110.3	129.4	17.6	102.4	121.9	19.2	106.3	125.6	18.2
2 जैटरलों पर स्थिर 6 ड्रिपर	117.6	139.4	19.0	118.0	138.8	17.7	102.8	123.8	20.8	110.4	131.3	19.2
पादप को घेरते हुए छल्ले के रूप में रखे गए 8 इनलाइन ड्रिपर	122.5	141.9	16.0	107.3	129.4	21.0	112.0	128.1	14.9	109.6	128.8	17.8
सीडी(पी=005)			एनएस			3.4			एनएस			2.33*

अति संरचित मृदा के अंतर्गत ड्रिपरों की विभिन्न संख्या द्वारा प्रभावित अनार पौधे का वनस्पतिक विकास निष्पादन

निम्नलिखित के जरिए सिंचन उपचार	पौधे की ऊंचाई (सै.मी.)			पूर्व–पश्चिम दिशा में पौधे का विस्तार (सै.मी.)			उत्तर दक्षिण दिशा में पौधे का विस्तार (सै.मी.)			औसत पौध विस्तार (सै.मी.)		
	प्रारंभिक	अंतिम	% वृद्धि	प्रारंभिक	अंतिम	% वृद्धि	प्रारंभिक	अंतिम	% वृद्धि	प्रारंभिक	अंतिम	% वृद्धि
2 ड्रिपर	100.6	115.6	15.0	92.9	106.1	14.5	88.3	101.9	15.8	90.6	104.0	15.2
3 ड्रिपर	103.4	120.0	16.0	121.8	139.4	15.1	92.9	110.6	16.6	107.4	125.0	15.7
4 ड्रिपर	111.8	130.0	16.9	124.8	142.5	14.6	112.8	130.0	15.7	118.8	136.3	15.0
6 ड्रिपर, किनारे के 2 निश्चित पर	116.9	135.0	15.7	108.8	129.4	19.1	108.3	127.5	17.9	108.5	128.4	18.5
8 इनलाईन ड्रिपर, पौधे के चारों ओर रिंग के रूप में लगाए	106.1	121.9	14.9	108.9	126.9	16.8	105.6	126.9	20.2	107.3	126.9	18.4
सीडी (पी=0. 05)			गैर सार्थक			2.93			गैर सार्थक			2.43

मृदा प्रोफाइल में आर्द्रता का वितरण

क्षैतिज दिशा में ड्रिपर से दूर 10,20,30,40,50 सेंमी की दूरी पर मृदा के नमूने लिए गए तथा ड्रिपर के नीचे 0–30, 31–45, 46–60, 61–75 और 75–90 सेंमी पर भी अनुलम्ब दिशा में नमूने लिए गए। भारी संरचना वाली मृदा में, आर्द्रता सिंचाई में 2 ड्रिपरों, 2 लैटेरल्स पर 6 ड्रिपरों और 8 इनलाइन ड्रिपरों के माध्यम से छल्ले के रूप में 40 सेंमी की दूरी तक क्षैतिज दिशा में ऊपर की ओर उठी जबकि यह सिंचाई की 3 और 4 ड्रिपर प्रणाली में 50 सेंमी की दूरी तक ऊपर उठी थी। सौम्य प्रणाली में 40 सेंमी तक की दूरी तक ऊपर उठी जबकि यह 2 लैटरल्स और अनुप्रयुक्त सिंचाई की छल्ला प्रणाली में 30 सेंमी तक ऊपर उठी।

भारी तथा साथ ही सौम्य संरचना वाली मृदा में विभिन्न गहराइयों पर क्षैतिज दिशा में मृदा संरचना अवयव आंकड़ों ने यह दर्शाया कि आर्द्रत की उपलब्धता 2,3 और 4 ड्रिपर प्रणाली में 90 सेंमी की गहराई तक पर्याप्त थी जबकि यह छल्ला प्रणाली में 75 सेंमी गहराई तक थी और अनुप्रयुक्त सिंचाई की दो लैटेरल प्रणाली में 60 सेंमी तक थी।

3.4.2 विभिन्न मृदा प्रकारों पर उगाए गए अतार फलोद्यानों में सिंचाई की बारंबारता

दिसम्बर 2011 से उपचार संचालित किए गए थे। अनार के पादपों पर 80 प्रतिशत पैन–वाष्पीकरण के समतुल्य सिंचाई जल दैनिक रूप में विभिन्न अंतरालों पर, तथा संचयी जल 1,2,3,4 और 5 दिनों के बाद प्रयोग किया गया था।

वानस्पतिक विकास प्रदर्शन

ऊंचाई और फैलाव के संदर्भ में पादप वानस्पतिक विकास मापदण्ड विभिन्न उपचारों को अधिरोपित करने से पूर्व (दिसम्बर, 2011) तथा प्रयोग की समाप्ति पर (जुलाई, 2012) दर्ज किए गए थे। सौम्य मृदा संरचना में विभिन्न सिंचाई बारंबारताओं के अंतर्गत पादप ऊंचाई और फैलाव में उल्लेखनीय अंतर देखे गए ।

प्रत्येक दूसरे दिन सिंचाई जल के अनुप्रयोग के फलस्वरूप पादप ऊंचाई, एन–एस तथा पादप के औसत फैलान में अधिकतम वृद्धि हुई। जबकि ई–डब्ल्यू पादप फैलाव में दो दिन के अंतराल के बाद सिंचाई जल के अनुप्रयोग के साथ अधिकतम वृद्धि दर्ज की गई।

भारी संरचना वाली मृदा में, विभिन्न सिंचाई आवृत्तियों के अंतर्गत पादप की ऊंचाई के अलावा वानस्पतिक वृद्धि में अधिक अंतर नहीं थे। उच्चतर जल धारण क्षमता तथा साथ ही भारी संरचना वाली मृदा में अनुप्रयुक्त सिंचाई के बेहतर क्षैतिज संचलन के फलस्वरूप ही संभवतः विभिन्न सिंचाई आवृत्तियों के अंतर्गत वानस्पतिक विकास मापदण्डों में कम अंतर उत्पन्न हुए।

दैनिक आधार पर सिंचाई जल का अनुप्रयोग दोनों ही मृदा प्रकारों के अंतर्गत अधिक प्रभावी नहीं पाया गया। दैनिक आधार पर प्रयोग में लाए जाने के लिए जल की अत्यंत कम मात्रा की ही आवश्यकता है, जिसमें से प्रमुख मात्रा वाष्पीकरण के माध्यम से समाप्त हो जाती है। अतः पादप के ग्रहण करने के लिए जल कम मात्रा उपलब्ध होती है।

हल्की सरंचित मृदा में सिचंन की आवृत्ति द्वारा यथा प्रभावित अनार पौधे का वनस्पतिक विकास निष्पादन

उपचार सिचंन आवृत्ति	पौधे की ऊंचाई (सें.मी.)			पूर्व–पश्चिम दिशा में पौधे का विस्तार (सें.मी.)			उत्तर दक्षिण दिशा में पौधे का विस्तार (सें.मी.)			औसत पौध विस्तार (सें.मी.)		
	प्रारंभिक	अंतिम	% वृद्धि	प्रारंभिक	अंतिम	% वृद्धि	प्रारंभिक	अंतिम	% वृद्धि	प्रारंभिक	अंतिम	% वृद्धि
प्रतिदिन	125.3	143.1	14.4	128.1	146.6	14.7	122.3	141.6	16.1	125.2	144.1	15.3
1 दिन बाद	106.5	125.8	18.1	123.0	143.9	17.1	111.3	131.3	18.2	117.1	137.6	17.6
2 दिन बाद	122.8	141.3	15.2	120.9	142.6	18.1	118.9	137.5	15.7	119.9	140.1	16.9
3 दिन बाद	133.4	153.4	15.2	136.1	156.3	15.4	135.3	155.6	15.5	135.7	155.9	15.4
4 दिन बाद	128.9	146.9	14.0	124.0	142.1	14.9	124.6	142.1	14.2	124.3	142.1	14.6
5 दिन बाद	121.3	138.5	14.5	119.5	135.4	14.0	109.8	126.4	15.3	114.6	130.9	14.5

अति संरचित मृदा में सिचंन की आवृत्ति द्वारा यथाप्रभावित अनार पौधे का वनस्पतिक विकास निष्पादन

उपचार सिचंन आवृत्ति	पौधे की ऊंचाई (सें.मी.)			पूर्व–पश्चिम दिशा में पौधे का विस्तार (सें.मी.)			उत्तर दक्षिण दिशा में पौधे का विस्तार (सें.मी.)			औसत पौध विस्तार (सें.मी.)		
	प्रारंभिक	अंतिम	% वृद्धि	प्रारंभिक	अंतिम	% वृद्धि	प्रारंभिक	अंतिम	% वृद्धि	प्रारंभिक	अंतिम	% वृद्धि
प्रतिदिन	119.9	138.1	15.4	119.5	137.3	15.4	109.1	127.5	17.0	114.3	132.4	16.2
1 दिन बाद	112.0	130.1	16.2	103.5	121.5	17.6	102.4	120.0	17.4	102.9	120.8	17.5
2 दिन बाद	115.3	137.0	19.0	108.4	128.1	18.1	106.0	123.5	16.8	107.2	125.8	17.3
3 दिन बाद	125.1	144.0	15.5	122.9	142.3	15.9	112.3	132.5	18.2	117.6	137.4	17.0
4 दिन बाद	128.6	148.8	15.9	132.3	153.8	16.5	121.4	414.8	16.8	126.8	147.8	16.6
5 दिन बाद	133.6	151.3	13.3	123.6	142.5	15.6	123.5	143.3	16.3	123.6	142.9	15.9

मृदा प्रोफाइल में आर्द्रता वितरण

ड्रिपर से 10,20,30,40 और 50 सेंमी की दूरी पर सिंचाई का प्रयोग करने के आगामी दिन क्षैतिज दिशा में तथा ड्रिपर के 0–30, 31–45, 46–60, 61–75 और 75–90 सेंमी नीचे अनुलम्ब दिशा में मृदा नमूने लेकर मृदा प्रोफाइल का अध्ययन किया गया तथा मई 2012 के दौरान ग्रैवी मैट्रिक पद्धति का प्रयोग करते हुए आर्द्रता के अवयव का मापन किया गया था।

अध्ययन ने यह दर्शाया कि दैनिक सिंचाई उपचार के अंतर्गत ड्रिपर से 30 सेंमी की दूरी तक आर्द्रता क्षैतिज दिशा में आगे बढ़ी तथा यह उस समय 40 सेंमी तक थी जब सिंचाई 1 या 2 दिन के अंतराल के पश्चात प्रयुक्त की गई थी जबकि यह ड्रिपर से 50 सेंमी की दूरी तक थी जब सिंचाई मृदा के दोनों तरफ 3.4 और 5 दिन के पश्चात् प्रयुक्त की गई। भारी तथा सौम्य संरचना की मृदा में विभिन्न गहराइयों पर अनुलंब दिशा में आर्द्रता के अवयव आंकड़ों ने यह दर्शाया की आर्द्रता की उपलब्धता दैनिक सिंचाई के अंतर्गत 60 सेंमी की गहराई तक पर्याप्त थी तथा यह उस समय 75 सेंमी थी जब सिंचाई 1 दिन के अंतराल के बाद प्रयोग की गई जबकि अन्य सभी उपचारों में 90 सेंमी की गहराई तक पर्याप्त आर्द्रत उपलब्ध थी।

विभिन्न मृदा प्रकारों के अंतर्गत अनार फलोधानों की सिंचाई अपेक्षा

राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र के अनुसंधान फार्म में प्रयोग किए जा रहे हैं। इस वर्ष दिसम्बर 2011 से विभिन्न उपचार संचालित किए गए थे। सर्व–वाष्पीकरण (ई.टीसी.) के 30, 40, 50, 60, 70, 80, और 90 प्रतिशत के समतुल्य सिंचाई जल का अनुप्रयोग अनार पादपों पर किया गया। विभिन्न उपचारों के अंतर्गत पत्तियों में क्लोरोफिल अवयव तथा मृदा में आर्द्रता अवयव को मापित किया गया।

अवधि के दौरान प्रयुक्त जल

विभिन्न उपचारों के अंतर्गत सिंचाई जल की गुणवत्ता प्रयोग की अवधि के दौरान विभिन्न उपचारों के अंतर्गत 0.30 ईटीसी में 527.6 लीटर/पादप तक निम्न थी तथा 0.90 ईटीसी में 1582.7 लीटर/पादप तक उच्च थी। सभी उपचारों में, अनुप्रयुक्त सिंचाई जल की गुणवत्ता मई माह के दौरान उच्चतम थी जबकि यह दिसम्बर माह में निम्नतम थी। यह मार्च और अप्रैल में कुल मिलाकर समान थी। जून माह के दौरान हुई थोड़ी वर्षा के फलस्वरूप सिंचाई जल की मात्रा में कमी आई।

वानस्पतिक विकास निष्पादन

पादप के समस्त विकास मापदण्डों में उल्लेखनीय अंतर विभिन्न आर्द्रता परिस्थितियों के अंतर्गत सौम्य संरचना वाली मृदा में देखे गए थे। 0.80 ईटीसी के समतुल्य सिंचाई जल के अनुप्रयोग के परिणामस्वरूप पादप के एन–एस तथा उसके औसत फैलाव में अधिकतम वृद्धि हुई। जबकि पादप की ऊंचाई तथा ई–डब्ल्यू पादप फैलाव में वृद्धि 0.90 ईटीसी आर्द्रता परिस्थितियों में अधिकतम थी। यह देखना रूचिकर है कि 0.60 ईटीसी और 0.70 ईटीसी के समतुल्य सिंचाई जल के अनुप्रयोग के परिणामस्वरूप पादप विकास मापदण्डों में समान वृद्धि हुई जो एक–दूसरे के समतुल्य सिंचाई जल के अनुप्रयोग के परिणामस्वरूप पादप विकास मापदण्डों में समान वृद्धि हुई जो एक–दूसरे के समतुल्य थी। यह दर्शाता है कि सौम्य संरचना वाली मृदा में 0.60 ईटीसी पर सिंचाई जल की निम्न यात्रा के अनुप्रयोग के साथ भी बेहतर जल विकास प्राप्त किया जा सकता है।

भारी संरचना वाली मृदा में, पादप की ऊंचाई तथा पादप के औसत फैलाव ने विभिन्न आर्द्रता परिस्थितियों के अंतर्गत उल्लेखनीय अंतर दर्शाए। भारी संरचना वाली मृदा में जल की आवश्यकता सौम्य संरचना वाली मृदा की तुलना में अधिक होती है। पादप की ऊंचाई तथा औसत फैलाव 0.70 ईटीसी, 0.80 ईटीसी तथा 0.90 ईटीसी आर्द्रता परिस्थितियों के समतुल्य थे। यह दर्शाता है कि भारी संरचना वाली मृदा में 0.70 ईटीसी के समतुल्य सिंचाई जल के अनुप्रयोग के साथ बेहतर पादप विकास प्राप्त किया जा सकता है।

हल्की संरचित मृदा के अंतर्गत अनुप्रयुक्त सिचंन जल की मात्रा द्वारा यथा प्रभावित अनार पौधे का वनस्पतिक विकास निष्पादन.

	पौधे की ऊंचाई (से.मी.)			पूर्व–पश्चिम दिशा में पौधे का विस्तार (से.मी.)			उत्तर दक्षिण दिशा में पौधे का विस्तार (से.मी.)			औसत पौध विस्तार (से.मी.)		
